CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 19°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 1 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 150 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 12 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तीखा हमला पेज 2



ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना खेल टाइम्स




एग्जिट पोल की सच्चाई: लोकतंत्र का आईना सम्पादकीय



सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन पेज 12

# CISCE: कक्षा 10वीं व 12वीं के नतीजे हुए घोषित

## यूपी के कानपुर के ओजस्वित पासरीचा 100 फीसदी अंक हासिल कर 12वीं में बने टॉपर

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) गुरुवार सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं।

इस परिणाम का इंतजार देशभर के लाखों छात्र कर रहे हैं, जिन्होंने फरवरी से अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षाओं में भाग लिया था। छात्र अपना रिजल्ट और ऑनलाइन मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कानपुर के ओजस्वित ने आईएससी 12वीं में 100 फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनते हुए इतिहास रच दिया। चिंटल्स स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में भी लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कुल 1,702 लड़कियों में से 1,697 उत्तीर्ण हुईं। 1,845 लड़कों में से 1,838 ने परीक्षा पास की। आईएससी में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.66 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष से बेहतर है। अभिभावक और छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने नतीजे देख सकते हैं।



माता पिता के साथ खुशी जाहिर करते ओजस्वित

**कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन**

**कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया**

### 226 सीटें जीतेंगे हम: ममता

**कोलकाता।** बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्राग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिये भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिये मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया।

### मेरठ: शादी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के खड़ौली गांव में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिग ने एक व्यक्ति की जान ले ली। गुरुवार सुबह दुल्हन के स्वागत के समय हुई हर्ष फायरिंग में 45 वर्षीय राजमिस्त्री सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खड़ौली निवासी आदेश की बारात बुधवार रात मोदीपुरम से लौटी थी। गुरुवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ घर पहुंचा जहां स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान समारोह में मौजूद दूल्हे के चाचा विक्की ने पिस्टल से कई राउंड फायर कर दिए। फायरिंग के बीच एक गोली पास खड़े सुभाष के जबड़े में जा लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय सुभाष अपनी पत्नी पुष्पा के साथ नवविवाहित जोड़े का स्वागत देख रहे थे।

### हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का प्रयास: रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता का संदेश: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा।

# गर्भपात के नियमों में अब बदलाव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट का सख्त रुख, एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई।

अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे, क्योंकि अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि देश में पहले से ही कई बच्चे गोद लेने के लिए हैं, कई बच्चे सड़कों पर बेसहारा हैं और इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। यह 15 साल की बच्ची का अनचाहा गर्भ है। उसे पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोचिए उसने कितना दर्द और अपमान सहा है। वहीं, एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि इस अवस्था में गर्भपात संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 हफ्ते में भ्रुण एक जीवित शिशु के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें गंभीर विकृतियां हो सकती हैं।

साथ ही नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और भविष्य में वह मां नहीं बन पाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चे को जन्म के बाद गोद दिया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि गर्भपात का निर्णय पीड़िता और उसके माता-पिता की इच्छा पर निर्भर करेगा और एम्स की भूमिका उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद करने की होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने मीडिया से इस मामले की रिपोर्टिंग करते समय संवेदनशीलता बरतने और सुनवाई से संबंधित हर बात (अदालत में हुई पूरी बातचीत) को रिकॉर्ड न करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए कहा था किसी भी महिला, विशेषकर नाबालिग, को उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



**केंद्र सरकार से कहा दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए**

### इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है।

# जब तक गोमांस जब्त न हो, वाहन जब्त करना अवैध और मनमाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन सीज करने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित न हो जाए कि बरामद मांस वास्तव में गोमांस है, तब तक वाहन को जब्त करना अवैध और मनमाना है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने वाहन सीज करने के आदेश को रद्द कर दिया। याची को आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने दिया है। बागपत जिले में 18 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने याची के वाहन को इस संदेह में पकड़ा था कि उसमें प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। डीएम ने 16 जून 2025 को वाहन को जब्त करने का आदेश दिया। याची मोहम्मद चांद ने जब्ती आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में मांस के गोमांस होने की कोई निश्चित पुष्टि नहीं की गई थी, बल्कि उसे केवल संदिग्ध बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिकृत प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनिवार्य है। इस मामले में प्रयोगशाला की कोई पुख्ता रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, इसलिए जब्ती की पूरी प्रक्रिया अवैध है।

कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का वाहन उसकी आजीविका का एकमात्र स्रोत था। पिछले 18 महीनों से वाहन के अवैध रूप से बंद रहने के कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और मंडलायुक्त के आदेशों को रद्द कर दिया। सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। न्यायालय ने सरकार को यह छूट भी दी है कि वह हर्जाने की राशि संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों से वसूल सकती है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर दो लाख का लगाया जुर्माना**

# दिल्ली से देहरादून तक तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

**यूपी व बिहार में आंधी-बारिश से 18 मरे**

### जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब, पांच शव निकाले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 35 से अधिक लोग सवार थे। पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा संचालित क्रूज में 35 से अधिक लोग सवार थे।

# सहायक अध्यापकों के लिए सेवा नियमावली को मंजूरी

## कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मिलेगी मान्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से कुंभ मेला में किए जाने वाले स्थायी और अस्थायी कार्यों के लिए कुंभ मेला अधिकारी और गढ़वाल कमिश्नर के वित्तीय पावर दी गई है।

इसके अलावा परिवहन निगम को 250 नई बसों के खरीदने को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि वन दरोगा भर्ती के लिए पहले शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मान्यता मिलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जल्द अध्यादेश लाया जाएगा।

उत्तराखंड मोटरयान संशोधित नियमावली 2026 के तहत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक और सिपाहियों का वर्दी निर्धारण को मिली मंजूरी। कुंभ मेले में एक करोड़ तक के काम को मेला अधिकारी स्वीकृत कर सकेंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 के संशोधन को मिली मंजूरी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में होंगे। एसिड अटैक विक्टिम को भी शामिल करने का लिया गया निर्णय। उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन को मिली मंजूरी। रॉयल्टी की दर को 7 रुपये प्रति कुंतल को बढ़ाकर 8 रुपये प्रति कुंटल किया गया। वाणिज्य कर विभाग की नियमावली में किए गए संशोधन को मिली मंजूरी। परिवहन विभाग में 250 बसों को खरीदने संबंधित प्रस्ताव को मिली मंजूरी। परिवहन निगम को शासन ने 100 बसें खरीदने की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़कर 109 कर दिया है। जीएसटी की तरह 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई है। जिसके चलते ये निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 में संशोधन किया गया है। वन दरोगा के शैक्षिक अहर्ता को इंटरमीडिएट से बढ़कर स्नातक किया गया है। वन दरोगा की आयु सीमा बढ़ाकर 21 से 35 साल की गई। वन आरक्षी की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष की गई। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित मौन पालन की नीति को मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है।



**धामी कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी
- कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से लेना होगा एफिलिएशन
- वन दरोगा भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर की गई स्नातक

# बर्थडे पार्टी हत्याकांड का मुख्य आरोपी जीतू सैनी ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उप्र के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में



जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने -32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

**संक्षिप्त समाचार**

### सोशल मीडिया पर अलगाववादी सामग्री जारी करने पर केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और गलत जानकारी वाले वीडियो जारी करने और उसे फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को साइबर पुलिस स्टेशन श्रीनगर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ-साथ भारतीय न्याय सं.हता की विभिन्न धाराओं तहत यह मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई तब की गई जब पता चला कि कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने के इरादे से वीडियो अपलोड किए और उन्हें फैलाए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदायक थे।

### रुपए में गिरावट जारी, रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी और डॉलर की मजबूती से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक बार फिर 95 डॉलर प्रति बैरल के पार निकलते हुए नए निचले स्तर तक उतर गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे गिरकर 94.88 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 13 पैसे नीचे 95.01 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसके बाद सीधा फिसलता हुआ 44 पैसे लुढ़ककर फिलहाल 95.32 रुपए प्रति डॉलर पर है। बीच कारोबार में पहली बार रुपया इतना कमजोर हुआ है।

## महाकुंभ भगदड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

### 2025 में हुई भगदड़ मामले में लिया संज्ञान, सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ आयोग नहीं, जिला प्रशासन करेगा मुआवजे का फैसला, 30 दिन की डेडलाइन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुंभ मेला 2025 की भगदड़ से जुड़े मुआवजे के दावों पर निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों या उनके आश्रितों द्वारा दायर मुआवजे के दावों पर निर्णय लेने का अधिकार न्यायिक जांच आयोग का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण का है। मेलाधिकारी को मुआवजे के दावों पर 30 दिनों के अंदर फैसला करना होगा।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस सत्य वीर सिंह की डिविजन बेंच ने संजय कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में एक रिश्तेदार की मृत्यु पर मुआवजे की मांग की गई थी। अदालत ने न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा कि मुआवजे के दावों का निपटारा आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग का कार्य केवल घटना के कारणों की जांच करना भविष्य के लिए सुझाव देना और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा करना है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने न तो भगदड़ की घटना से इन्कार किया और न ही इस तथ्य से कि कुछ पीड़ितों के परिवारों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि जब राज्य खुद घटना और नुकसान को स्वीकार कर चुका है, तो आयोग द्वारा इस बात की जांच करना आवश्यक नहीं है कि भगदड़ हुई थी या नहीं। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए।

## हज किराए पर बोझ नहीं, राहत दिलाई

नई दिल्ली, वार्ता



■ 10 हजार रुपए बढ़ोतरी पर सरकार ने स्पष्ट किया

हज यात्रा किराए में +100 की वृद्धि पर सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है। मध्य पूर्व तनाव और एटीएफ की कीमतों में उछाल के कारण एयरलाइंस +300-400 बढ़ाने की मांग कर रही थीं। सरकार के हस्तक्षेप से यह वृद्धि केवल +100 तक सीमित रही, जिससे हज यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ कम पड़ा।

हज यात्रा एक ऐसा सपना है, जिसे पूरा करने के लिए कई परिवार सालों तक पैसे जोड़ते हैं, लेकिन इसी सपने पर इस बार किराए की बढ़ोतरी ने सवाल खड़े कर दिए और अब सरकार को खुद सामने आकर सफाई देनी पड़ी है 10,000 रुपए की बढ़ोतरी पर उठे विवाद के बीच सरकार ने साफ कहा है कि यह कोई अतिरिक्त बोझ नहीं, बल्कि बड़े नुकसान से बचाने की कोशिश है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक असली कहानी कुछ और है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण एटीएफ की कीमतों में तेज उछाल आया। इसका सीधा असर एयरफेयर पर पड़ा और एयरलाइंस ने 300 डॉलर से 400 डॉलर प्रति यात्री तक बढ़ोतरी की मांग रख दी। यहीं से सरकार और हज कमेटी की बातचीत शुरू हुई। सरकार का दावा है कि लंबी बातचीत के बाद इस बढ़ोतरी को घटाकर सिर्फ +100 प्रति यात्री तक सीमित किया गया। यानी हर यात्री के लिए +200 से +300 तक की बचत करवाई गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस फैसले को लेकर भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि हज करोड़ों लोगों के लिए जिंदगी में एक बार पूरा होने वाला सपना है, हमने कोशिश की कि किसी पर ज्यादा बोझ न पड़े।

### ये शोषण है, सर्कुलर वापस ले सरकार: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हज जाने वाले यात्रियों के किराए को लेकर एएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। ओवैसी ने लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से 'हवाई किराए में अंतर' के नाम पर अतिरिक्त 10,000 की मांग कर रही है। ये तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपये वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। ओवैसी ने नोटिस की फोटो भी पोस्ट मे शेयर की।ओवैसी ने कहा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? ये सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते, वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे जमा करते हैं। उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए।

### महिला सुरक्षा और आरक्षण पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरा

## विधानसभा में योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गेस्ट हाउस कांड में प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने 1995 के गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उस समय बसपा नेता का समर्थन किया और दलित बेटी के सम्मान की रक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान जोखिम में डालकर मायावती को सुरक्षित किया था। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 के बदायूं कांड का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा, लेकिन उस समय की सरकार ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के बजाय उसे हतोत्साहित किया। उन्होंने 2016 के बुलंदशहर गैंगरेप कांड सहित अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने शाह बानो केस का हवाला दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद कांग्रेस ने दबाव में आकर महिला को न्याय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के मुद्दे पर भी विपक्ष का रवैया महिला विरोधी रहा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेताओं के कई बयान महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं। उन्होंने आजम खान समेत अन्य नेताओं के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उनकी सोच उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पाल जैसे उदाहरण बताते हैं कि किस तरह अपराधियों के सामने विपक्ष नतमस्तक रहा। उन्होंने बदायूं, बुलंदशहर, चिनहट और सुल्तानपुर जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, पिछड़ों और दलितों के प्रति विपक्ष की संवे.दनशीलता केवल दिखावटी है। मुख्यमंत्री ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके आचरण को देखकर ष्गिरगिट भी सकुचा जाए, क्योंकि वे समय और स्थान के अनुसार अपना रुख बदलते रहते हैं।

### महिला आरक्षण पर 'जल्दबाजी' नहीं चलेगी: कांग्रेस

**लखनऊ।** महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर बुलाए जा रहे विशेष सत्र पर कांग्रेस ने सरकार की तैयारी और मंशा दोनों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्पष्ट कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर महज पांच घंटे की चर्चा पर्याप्त नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि विशेष सत्र का समय बढ़ाया जाए, ताकि महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाले मुद्दे पर सभी पक्ष विस्तार से अपनी बात रख सकें। उनका कहना है कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी-नारी शक्ति-के अधिकारों और भागीदारी से जुड़ा विषय है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर जल्दबाजी न करे और पूरे दिन से भी अधिक समय देकर गंभीर और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करे।

## लद्दाख के नए जिलों के गठन से खड़ा हुआ विवाद

श्रीनगर, वार्ता

■ कारगिल नेताओं ने लगाया 'विभाजन के प्रयास' का आरोप

लद्दाख के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस केंद्र शासित प्रदेश में बनाए गए पांच नए जिलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया, वहीं कारगिल के कई राजनीतिक नेताओं ने इस कदम को सांप्रदायिक और क्षेत्रीय आधार पर क्षेत्र को विभाजित करने का 'सोचा-समझा प्रयास' करार दिया है। सक्सेना द्वारा जारी अधिसूचना के बाद नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास सहित पांच और जिलों को बनाए जाने से लद्दाख में जिलों की संख्या दो से बढ़कर सात हो गई। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने कहा कि जिलों की कुल संख्या को दो से बढ़ाकर सात करना प्रशासनिक सुधार से अधिक लद्दाख के लोगों के एकजुट लो.कतांत्रिक और राज्य आंदोलन को विभाजित करने के उद्देश्य से उठाया गया एक सुनियोजित कदम प्रतीत होता है। उनहोंने आरोप लगाया कि यह विशेष रूप से बौद्ध और मुस्लिम समुदायों की सामूहिक आवाज को कमजोर करने का प्रयास है। एलएबी के साथ, केडीए केंद्र सरकार से बातचीत कर रहा है और लद्दाख के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों, जिनमें राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची का दर्जा, रोजगार सुरक्षा और संसदीय प्रतिनिधित्व शामिल हैं, की मांग कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76913.50 | सोना | 148652 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23997.55 | चांदी | 236882 प्रति किलो |

## शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच फिर गिरावट

मुंबई, वार्ता



कच्चे तेल में तेजी के बाद आयी नरमी के कारण गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और आईटी तथा फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। गिरावट में खुलने के बाद बीएसई का सेंसेक्स दोपहर से पहले 1,237 अंक टूट गया था। हालांकि बाद में आईटी और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से काफी हद तक वापसी करता हुआ पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) नीचे 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज करीब एक हजार अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह ऊपर 77,254.33 अंक और नीचे 76,258.86 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत नीचे 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में आज सुबह तेजी देखी और यह 125 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया था, जो साल 2022 के बाद पहली बार देखा गया। हालांकि बाद में कच्चा तेल 115 डॉलर से नीचे उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली देखी गई। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत फिसल गया।

### सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 679 रुपए बढ़कर 1,48,652 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1,47,973 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 582 रुपए बढ़कर 2,36,882 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2,36,300 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 16 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 7 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है।हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## चावल, गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल में तेजी रही। चावल के साथ गेहूं और चीनी के भाव भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ देखी गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपए बढ़कर 3,858 रुपए प्रति लक्क्वटंल पर पहुंच गई। गेहूं नौ रुपए की मजबूती के साथ 2,789 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे भी नौ रुपए महंगा हुआ। इसके अलावा दाल-दलहनों में उतार- चढ़ाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट टूटकर 4,573 रिंगिट प्रति टन पर रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.69 प्रतिशत सस्ता हुआ और 73.61 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 44 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 34 रुपए और सूरजमुखी तेल 26 रुपए महंगा हुआ। वनस्पति 19 रुपए और सोया तेल 14 रुपए ऊपर बोला गया। पाम ऑयल में 23 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव दो रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी तीन रुपए सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7665.81 रुपए, मसूर काली 8105.31 रुपए, मूंग दाल 10168.84 रुपए, उड़द दाल 10811.28 रुपए, तुअर दाल 11241.20 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.69 रुपए और चावल 3857.87 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3267.70 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4306.64 रुपए और गुड़ 5021.71 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17887.49 रुपए, मूंगफली तेल 18890.65 रुपए, सूरजमुखी तेल 17474.18 रुपए, सोया तेल 14906.44 रुपए, पाम ऑयल 13435.03 रुपए और वनस्पति 14929.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## चुनाव आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** बीते दिन 5 चुनावी राज्यों (पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी) के एग्जिट पोल में अधिकतर अनुमानों में पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की जीत बताई जा रही है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके, केरलम में एलडीएफ और पुड्डुचेरी में बीजेपी गठबंधन सरकार बना सकता है। इन अनुमानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल एक रैकेट हैं, वोट देने का अधिकार अब खतरे में है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा, जितना ज्ञानेश कुमार के समय में है। वह पिछले कुमार से भी ज़्यादा पक्षपाती हैं, यह गिरावट उनके पिछले प्रमुख के समय में ही शुरू हो गई थी। यह आदमी एक खिलाड़ी है, हम चुनाव लड़ने के साथ ही इलेक्शन कमीशन से भी लड़ रहे थे।

संसद में पेश किए गए हमारे महाभियोग प्रस्ताव में उनके खिलाफ नौ आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फिर से खारिज हो जाए, हम उन्हें हटाने का नोटिस फिर से देंगे। अब समय आ गया है कि वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। वोट देना नागरिकों का एक वैधानिक अधिकार है। नंदलाल बोस, जिन्होंने भारत के संविधान बनाने में योगदान दिया था, उनका परिवार भी मतदाता सूची में शामिल नहीं है।

## पीलीभीत में बनेगा देश का पहला बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र

नई दिल्ली, वार्ता

■ भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया, एआई-आधारित सर्वेक्षण परियोजना का शुभारंभ

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 70 वर्ष के पट्टे समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से पीलीभीत के टांडा बिजैसी में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

इसमें बताया गया है कि इस प्रस्तावित फार्म को लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में सभागार, बासमती एवं जैविक खेती पर संग्रहालय और गैलरी, सम्मेलन कक्ष, प्रयोगशाला और जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री के भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सुविधा बासमती एवं जैविक किसानों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में मददगार होगी और कृषि विशेषज्ञों एवं छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। देश में बासमती चावल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक बार स्थापित हो जाने के पश्चात यह केंद्र देश का पहला बासमती जैविक प्रशिक्षण और प्रदर्शन फार्म होगा, जिसमें पारंपरिक और जैविक दोनों प्रकार की बासमती की खेती शामिल होगी। इस केंद्र से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों और हितधारकों को लाभ मिलने की आशा है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए पीलीभीत को बासमती चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने केंद्र में एआई-आधारित इंटरैक्टिव संग्रहालय स्थापित करने के साथ-साथ किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बासमती बीज और जैविक सामाग्री मुहैया कराने के लिए एक विशेष आउटलेट स्थापित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने भारत की पहली एआई-आधारित बासमती धान सर्वेक्षण परियोजना (2026-2028) का भी अनावरण किया, जिसे एपीडा और अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआरआईईए) के सहयोग से चलाया जाएगा। यह परियोजना लगभग 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी, 150,000 से अधिक जमीनी स्तर के सर्वेक्षण बिंदुओं से डेटा एकत्र करेगी और 500,000 से अधिक किसानों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसका उद्देश्य सटीक फसल मूल्यांकन, किस्मों की पहचान, वैज्ञानिक परामर्श सेवाएं और बेहतर निर्यात योजना में सहयोग करना है। यह भी घोषणा की गई कि आगामी केंद्र को राष्ट्रीय स्तर के बासमती चावल परीक्षणों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) केंद्र के रूप में नामित किया गया है,।

## श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की विस्तारित सेवा

■ रेल मंत्री वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

**जम्मू।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की जम्मू तक विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब श्रीनगर से जम्मू तवी तक चलेगी। इस तरह से देश की सबसे आधु.निक ट्रेन सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर वैष्णव कहा कि इस ट्रेन को पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा से हरी झंडी दिखाई थी और यह कटरा से श्रीनगर जाती थी। आज इस ट्रेन की सेवा का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर तक बढ़ायी जा रही है। पहले इसमें आठ कोच थे, जिनकी संख्या अब बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। वहीं अब्दुल्ला ने कहा कि इस अवसर पर मैं वैष्णव और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। आज हमने रेलवे के माध्यम से जम्मू को कश्मीर से जोड़ दिया है। आठ कोचों से बढ़ाकर 20 कोचों वाली यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब और भी अधिक लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। डॉ. सिंह ने कहा, ष्जम्मू रेलवे स्टेशन पर नयी 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे इस इलाके में रेल सम्पर्क को काफी बढ़ावा मिला है। इस मौके पर वैष्णव, अब्दुल्ला और दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्कूली टैम्पो से भिड़ी बाइक ठेली, युवक की मौत

## बम्बूगढ़ रोड पर हुआ हादसा, अनियंत्रित टैम्पो बिजली के पोल से टकराया, एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक ठेली सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रहे स्कूल टेंपो ने बाइक ठेली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।





डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना स्थित साबरी इंटरनेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल के टेंपो का चालक गुरुवार सुबह स्टाफ को लेने अमरोहा जा रहा था। जब वह संभल चौराहा से बंबूगढ़ रोड पर गांव पतखोई के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक ठेली की टक्कर टेंपो से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ठेली के परखच्चे उड़ गए। जबकि अनियंत्रित हुआ टेंपो सड़क किनारे खड़े सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे के बाद टेंपो का चालक मौके से फरार हो गया। वहीं बाइक ठेली पर सवार दिलशाद निवासी मुहल्ला अहमद नगर अमरोहा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दिलशाद के साथ मौजूद उसका साढ़ू दानिश निवासी मुहल्ला कोर्ट संभल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दिलशाद व दानिश बकरियों के चारे के लिए पेड़ों के पत्ते तोड़ने जा रहे थे। दानिश के परिवार में पत्नी राबिया व दो बेटे तथा एक बेटी हैं। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में ले लिए हैं।

# सांसद के सेवा केन्द्र के मैनेजर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार

## रसोईये ने किया जानलेवा हमला, घायल मैनेजर अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र स्थित सांसद कंवर सिंह तंवर के सेवा केंद्र में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब रसोईये ने मैनेजर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर गांव झनकपुरी स्थित सांसद कंवर सिंह तंवर के सेवा केंद्र की है। यहां सांसद का जनता दरबार लगता था तथा सामाजिक व राजनैतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते रहते हैं। संसदीय क्षेत्र में रहते हुए सांसद ज्यादातर अपने इसी सेवा केंद्र में ठहरते हैं। हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव हिरणपुरा निवासी श्यामवीर इस सेवा केंद्र पर बतौर मैनेजर सांसद का कामकाज देखते हैं तथा सैदनगली निवासी अमरीश सैनी रसोईया की नौकरी करता है। मैनेजर श्यामवीर की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक बुधवार दोपहर में लगभग 2:30 बजे वह सेवा केंद्र में ही मौजूद थे। उसी दौरान रसोईया अमरीश ने जान से मारने की नीयत से उन पर हमला बोल दिया। चाकू से एक के बाद एक कई वार किए, जो चेहरे पर सिर पर लगने से श्यामवीर लहूलुहान हो गए। हमला करने के बाद अमरीश मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की तथा घायल मैनेजर श्यामवीर को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में आरोपी रसोईया अमरीश सैनी के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# संविदा लाइनमैन की मौत में एसएसओ सहित दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पोल पर चढ़कर फ्यूज और जम्फर जोड़ रहे लाइनमैन की करंट के कारण मौत होने के मौत होने के मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर बिजली विभाग के एसएसओ और लाइनमैन के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बता दें कि थाना रजबपुर के जलालपुर गाँव निवासी नितिन कुमार पुत्र रामपाल सिंह बिजली विभाग में दो वर्ष से संविदा लाइनमैन के रूप में विद्युत उपकेन्द्र जलालपुर कलां में कार्यरत थे। बीते दिन बुधवार को भी वे अपनी डयूटी पर थे। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हाइवे पर मोगा होटल से आगे दरियापुर गाव के जंगल में स्थित बिजली के पोल पर

### बीते दिन खंबे पर काम करते समय करंट लगने से हुई थी मौत

विद्युत विभाग की तरफ से फ्यूज व जम्फर जोड़ने का काम कर रहे थे। विद्युत उपकेन्द्र जलालपुर कलां में ही लाइनमैन के रूप में तैनात थाना नौगांवा सादात के गाँव डेहकबाड़ा निवासी निपेन्द्र कुमार पुत्र राजबीर सिंह द्वारा शटडाउन लिया गया था। लेकिन इसी बीच अचानक बिजली आपूर्ति शुरू हो गई जिससे करंट लगने से नितिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गयी थी और स्वजनों ने घटना में विभाग से जुड़े कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। पुलिस ने परिजनों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मृतक नितिन की पत्नी प्रीति ने थाना गजरौला पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने जलालपुर कलां विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ सचिन कुमार निवासी गाँव बलदाना असगर अली थाना गजरौला और लाइनमैन निपेन्द्र कुमार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार प्रीति का आरोप है कि एसएसओ सचिन कुमार और लाइनमैन निपेंद्र कुमार ने लापरवाही बरती, इसी कारण शट डाउन होने के बाद भी लाइन में बिजली छोड़ी गयी। जिससे करंट लगने से उसके पति की मौत हुयी। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर से उठाकर नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म

## घर के बाहर छोड़कर हुआ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रात के अंधेरे में पड़ौसी किसान के घर में घुस आया तथा उसकी नाबालिग बेटी को उठाकर अपने ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह के समय वह पीड़िता को उसके घर के बाहर छोड़ फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर किसान का परिवार रहता है। बुधवार को किसान व उसकी पत्नी पास के गांव स्थित ससुराल गए थे। घर पर 15 वर्षीय बेटी व अन्य बच्चे थे। आरोप है कि रात में पड़ोस में रहने वाला युवक सिद्धार्थ घर में घुस आया। वह किसान की नाबालिग बेटी को जबरन उठा कर अपने घर पर ले गया। वहां ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। गुरुवार सुबह में वह पीड़िता को उसके घर के बाहर छोड़ गया। साथ ही उसने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार सुबह किसान व उसकी पत्नी घर पहुंचे तो बेटी ने आपबीती बता दी। पीड़ित परिवार ने बेटी के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी सिद्धार्थ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बच्चों के विवाद में देवर ने भाभी को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में बच्चों को समझाने को लेकर एक विवाद में देवर ने अपनी भाभी से मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर अरविंद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में मुबारकपुर निवासी अंकित कुमार ने बताया कि उनकी बहन सोनी, जो नरैना कला की निवासी हैं, के साथ यह घटना हुई। सोनी स्वर्गीय भूपेंद्र

### पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

सिंह की पत्नी हैं। घटना 27 अप्रैल को दोपहर करीब 2:30 बजे नरैना कला गांव में हुई। आरोप है कि सोनी के देवर अरविंद पुत्र गजराज सिंह ने बच्चों को समझाने के विवाद में सोनी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब उसे रोकने का प्रयास किया गया, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अरविंद के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में जांच शुरू कर दी गई है।

# कार ने पिता-पुत्र को रौंदा, बेटे की मौत

## कैलसा बार्डर पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैलसा बॉर्डर पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। हादसे में गंभीर घायल बेटे की उपचार के लिए पाकबड़ा स्थित मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हादसा दोपहर लगभग 3:30 बजे हुआ। कैलसा गांव निवासी अमरीश विकलांग हैं, वह अपने बेटे अरमान के साथ साइकिल पर सवार होकर कैलसा बॉर्डर आ रहे थे। अभी वह क्षेत्र में ही लकी धर्मकांटे के पास से पहुंचे थे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए जबकि हादसा अंजाम देने वाला चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ लग गई, सूचना मिलते ही परिजन भी आ गए। घायल अमरीश व अरमान को परिजन पाकबड़ा स्थित मेडिकल कॉलेज ले जाकर रहे थे कि रास्ते में अरमान ने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत होते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले मे अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

**तमाशबीन बने रहे लोग, एक हमलावर को जेल भेजा, चार पर रिपोर्ट**

# सरेराह बहन के ससुर पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बहन के ससुर को घेरकर युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। धक्का देकर सड़क पर गिरने के बाद लोहे की रॉड में लगी चकरी से ताबड़तोड़ वार किए। अधमरा कर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। बेदर्दी से की गई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस मे हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल के बेटे की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। जबकि घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।



घटना बुधवार की शाम कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर मार्ग की है। मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी शाने आलम ने मोहल्ले के ही रहने वाले फैज, आतिफ, मन्नान व शब्बू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके मुताबिक शाने आलम के भाई जाने आलम ने कुछ दिन पूर्व मोहल्ले के ही आतिफ की बहन से प्रेम प्रसंग के चलते निकाह किया था। तभी से दोनों परिवारों मे रंजिश चली आ रही है। घटना लगभग सात बजे की है। जाने आलम के पिता व निदा के ससुर मो. बिन अहमद बिजनौर मार्ग पर किसान पेट्रोल पंप के नजदीक राजू ट्रांसपोर्ट पर बैठे थे। आरोप है कि उसी दौरान आतिफ वहां पहुंचा और उसने मोबिन अहमद को घेर लिया। मोबिन अहमद ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया गया। इसके बाद लोहे की रॉड में वेल्डिंग हुई चकरी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमला तब तक किया जब तक मोबिन अधमरे नहीं हों गए। घटना के समय मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने बचाने का प्रयास नहीं किया। इस दौरान कार सवार राहगीरों ने अपने मोबाइल में इस पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल मे कैद कर लिया। जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मोबिन अहमद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों पक्षों में प्रेम विवाह को लेकर विवाद सामने आया है। इस मामले में चार आरोपियों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी फैज को गिरफ्तार कर किया गया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है।

# शादी समारोह में घराती व बरातियों में मारपीट

## सड़क पर जमकर चले लात घूंसे, यातायात ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान बारा. तियों और घरातियों के बीच जमकर मारपीट हुई। गांधी मूर्ति के पास हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक किसी मामूली बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। सड़क पर ही लात-घूंसे चलने लगे। इस हंगामे के कारण सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मारपीट और हंगामे की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों और लोगों के मोबाइल में कैद हो गई। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने पहुंचकर स्थिति को संभाला और मामला शांत कराया। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है और वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिन्हित करने की बात कही।

# बैक होती कार बनी काल, महिला की दर्दनाक मौत

## पशुओं का चारा लेने जा रही थी चार बच्चों की मां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** बच्चों का चारा लेने जा रही चार बच्चों की मां को बैक होती ईको कार ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पशुआ नगला में गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में 45 वर्षीय मोहनदेई पत्नी रामसरन घर से पशुओं के लिए चारा डालने पशुशाला जा रही थीं, तभी गांव में खड़ी एक इक्को कार को बैक करते समय चालक की लापरवाही ने उनकी जान ले ली। बताया जा रहा है कि कार चालक विनोद पुत्र प्रकाश, नरेश के घर के बाहर खड़ी कार को पीछे कर रहा था। इसी दौरान उसने पीछे से गुजर रही महिला को नहीं देखा और तेज टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला कार और दीवार के बीच फंस गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह महिला को बाहर निकलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। मृतका अपने पीछे चार छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि चालक थोड़ी सावधानी बरतता तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**दो दिनों में नवजात समेत दो मौतों से ग्रामीणों में आक्रोश**

# झोलाछाप के इंजेक्शन से बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। यहां दो दिनों के भीतर हुई दो मौतों ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है। ताजा मामले में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि एक दिन पहले ही एक निजी अस्पताल में नवजात बच्ची की मौत का मामला



सामने आया था। जानकारी के अनुसार, बुखार से पीड़ित बुजुर्ग महिला को परिजन गांव में ही एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गए थे। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना किसी जांच के इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजन उसे दूसरे डॉक्टर के पास भी ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप मौके से फरार हो गया। परिजनों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति लंबे समय से बिना डिग्री के क्लीनिक चला रहा था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं बुधवार को क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान लाप. रवाही के चलते नवजात बच्ची की मौत हो गई थी, जिससे लोगों में पहले से ही आक्रोश है।

# सड़क हादसे में घायल कारीगर की मौत

## 15 दिन पहले हुआ था हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। दुर्घटना करीब 15 दिन पहले 14 अप्रैल की रात को हुई थी। युवक कारीगर का काम करता था। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई।

बता दें कि धनौरा मार्ग पर गांव सकरथली के पास बीती 14 अप्रैल की रात हुए सड़क हादसे में घायल हुए 40 वर्षीय किशन प्रजापति की गुरुवार की सुबह करीब दस बजे मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के समय किशन प्रजापति, कमल प्रजापति और राहुल स्कूटी पर सवार थे। जो बिजनौर के फीना गांव से एक जन्मदिन की पार्टी से खाना बनाकर रात्रि में लौट रहे थे। सकरथली गांव



के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जहां मौके पर ही कमल प्रजापति की मौत हो गई थी, जबकि राहुल ओर किशन प्रजापति घायल हुए थे। जिनमें से गुरुवार को किशन प्रजापति की भी मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई। गुरुवार की शाम को स्वजनों ने तिगरी गंगा धाम में अंतिम संस्कार कर दिया।

# परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठाये सवाल

## करंट लगने से युवक की मौत का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में करंट लगने से युवक की मौत के मामले में नया विवाद खड़ा हो गया है। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी बताया है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

गुरूवार को मृतक के परिजन कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उनके अनुसार 23 अप्रैल को युवक की खेत पर करंट लगने से मौत हुई थी, लेकिन 24 अप्रैल को जिला अस्पताल में हुए पोस्टमार्टम में मौत का कारण करंट नहीं दर्शाया गया। उनका आरोप है कि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर मौके पर मौजूद भी नहीं थे और किसी अन्य डॉक्टर से रिपोर्ट तैयार कराई गई। इस संबंध में परि. जनों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर दोषी डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही पोस्टमार्टम प्रक्रिया की



जांच कर सच्चाई सामने लाने की अपील की है। परिजनों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। फिलहाल इस शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच की मांग तेज हो गई है। प्रदर्शन में नवनीत कुमार गोला, इंद्रपाल गोला, रविंदर कुमार, शिवनाथ सिंह, कैलाश प्रजापति, रामवीर प्रजापति, धर्मवीर प्रजापति महेंद्र प्रजापति, कावेंद्र प्रजापति संगीत गोला, लक्ष्मी देवी, कुसुम, अनीता प्रजापति सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आदमखोर कुत्तों ने तीन दिन में नौ को बनाया शिकार

## खौफ से पूरा गांव सहमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इलाके में इन दिनों खौफ का दूसरा नाम एक आवारा कुत्ता बन चुका है। पिछले 72 घंटों के भीतर इस श्सइकोश कुत्ते ने गांव को नरक बना दिया है। मासूम बच्चों समेत अब तक 9 लोगों को अपना शिकार बना चुके इस कुत्ते के खौफ से पूरा गांव सहमा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव आगा. पुर उर्फ याकूबपुर में मासूमों पर हमला करने की शुरुआत तीन दिन पहले हुई। जिसके बाद देखते ही देखते घायलों का आंकड़ा 9 तक पहुंच गया। सबसे ज्यादा दिल दहला देने वाली बात यह है कि हमलावर कुत्ते ने मासूम बच्चों को अपना निशाना बनाया है। मासूम समेत और अन्य घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहाँ परिजनों ने उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाये हैं। स्थिति ऐसी है कि लोग अब अपने बच्चों को घर से बाहर निकालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। दहशत के साये में जीने को मजबूर ग्रामीण अपने घरों से हाथों में लाठी और मोटे डंडे लेकर निकल रहे हैं। ग्रामीण अब झुंड बनाकर चल रहे हैं ताकि कुत्ते के हमले से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें डर है कि कहीं यह कुत्ता किसी की जान न ले ले। घ्ग्रामीणों ने प्रशासन से इस आदमखोर कुत्ते को तुरंत पकड़ने की गुहार लगाई है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक केवल श्आश्वासन की घुट्टीश ही पिलाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कुत्ता पकड़ा नहीं जाता, उनका गुस्सा और डर कम नहीं होगा।

# तीन मई को नौ केन्द्रों पर होगी जेई सिविल परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर में 3 मई को आयोजित होने वाली अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम धीरेंद्र प्रताप व एएसपी अखिलेश भदोरिया की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया गया।

बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा को हर हाल में नकल. विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4125 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका का गहन अध्ययन कर अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने को कहा गया। एडीएम ने निर्देश दिए कि महिला अभ्यर्थियों की जांच अनिवार्य रूप से महिला कर्मियों द्वारा ही की जाए और परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी कार्मिक फोटोयुक्त पहचान पत्र धारण करें। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

### 4 हजार 125 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित



# औद्योगिक इकाईयों पर कारवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने थाना

### ■ भाकियू संयुक्त मोर्चा ने पुलिस को सौंपी तहरीर

प्रभारी को तहरीर देकर औद्योगिक इकाई के विरुद्ध प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार को नगर के मौहल्ला नाईपुरा निवासी नागरिक और किसान गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे थाने पहुंचे। यहां पर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को तहरीर देकर औद्योगिक इकाई पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया। रिंकी रावत ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों ने कैमिकल युक्त पानी जमीन में बोरवेल के माध्यम से डालकर सारे भूजल को जहरीला कर दिया है। इस जहरीले पानी को पीकर लोग कैंसर और अन्य गम्भीर बीमा. रियों से जान गंवा चुके हैं और अनेकों गंभीर बीमारियों के शिकंजे में हैं। पिछले साढ़े चार माह से किसान और नागरिक भाकियू संयुक्त मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस से औद्योगिक इकाई के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, और अल्टीमेटम दिया कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो धरना दिया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, राष्ट्रीय प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, अहसान अली, अजय पाल, अकबरी, वकीला, नूरजहां बेगम, नफीसा, मुनीजा, नजमा, देवेंद्र, मुनेश, कुसुम बानो, कुसुम सवरी, सूरजमुखी, रिंकी, होमपाल सिंह, शम्सुद्दीन आदि मौजूद रहे।



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले विपिन सागर



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर भाजपा नेता विपिन सागर ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं अनुसूचित मौर्चे के प्रदेशाध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया से भेंट की। प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी व रामचंद्र कनौजिया ने विपिन सागर से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। विपिन सागर ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में अनुसूचित समाज को जोड़ने व सार्थक दिशा मे कार्यकर्ताओं को जोड़ने के बारे में बताते हुए 14 अप्रैल को प्रत्येक विधानसभा पर मनाई गई बाबा साहब जयंती पर किए गए कार्यक्रम एवं गौष्ठियों आदि के बारे में जानकारी दी।

# जोया के दो बच्चों का स्टेट रोल बाल चैम्पियन में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। सलारपुर खालसा के प्रधान सालिम खान के डीपीएस स्कूल में पढ़ने वाले दो होनहार पुत्रों यमान खान और तामिम खान का चयन आगामी स्टेट रोल बॉल चौम्पियनशिप के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन 28 अप्रैल को मीट वर्ल्ड स्कुल में आयोजित ट्रायल के दौरान किया गया था। अब ये खिलाड़ी 1 से 3 मई तक गाजियाबाद में आयोजित होने वाली स्टेट रोल बॉल चौम्पियनशिप में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाएंगे। इस उपलब्धि पर डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल एवं प्रो वाइस चेयरमैन संदीप जैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही रिम्पी सिंह एवं मनी मैम ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से ही बच्चे सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। विद्यालय परिवार एवं जनपदवा. सियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि ये खिलाड़ी चौम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



## रालोद का दर्द भी छलका

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रालोद ने गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के बाद होने वाले विकास का स्वागत किया है। लेकिन अनदेखी पर रालोद का दर्द भी छलका है। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेस-वे और क्षेत्र में प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हालांकि किसानों को जमीन का उचित दाम न मिलने का दुख है। लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए जनता यह कुर्बानी देने को तैयार है। प्रशंसा के साथ ही मुजाहिद चौधरी ने स्थानीय भाजपा संगठन और प्रशासन की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाये।

## एक नजर

### आग से 70 कुंतल भूसा हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। आदमपुर थाना क्षेत्र के करनपुर खादर गांव में गुरुवार सुबह बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण किसान चंद्रपाल का करीब 60-70 कुंतल भूसा जलकर राख हो गया। तेज हवा के चलते आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### बिजली संकट पर किसानों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। रहरा क्षेत्र के चचौरा इलाके में बिजली संकट को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने अधिशासी अभियंता, डिवीजन हसनपुर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने 33 केवी उपकेंद्र का निर्माण शुरू न होने, अनियमित बिजली आपूर्ति और गलत बिलिंग को लेकर नारा. जगी जताई। उनका कहना है कि 28 गांवों में बिजली की समस्या से सिंचाई प्रभावित हो रही है। चेतावनी दी गई कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में तहसील अध्यक्ष महेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी, महेश पहलवान,रीता चौधरी, सुदेश त्यागी, सुरेश चौधरी आदि किसान मौजूद रहे

### झूंठे आरोप लगाकर रकम ऐंठने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना क्षेत्र में दर्ज एससी/एसटी एक्ट के एक मामले में पुलिस जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि कथित शारीरिक शोषण का आरोप लगाकर आरोपियों से मोटी रकम वसूलने की साजिश रची गई थी। पुलिस ने इस मामले में वांछित चल रही महिला रूपवती को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 को पौरारा निवासी रामदास की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें दो लोगों को नामजद किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिनसे पता चला कि पूरे मामले के पीछे वसूली की मंशा थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला ने षड्यंत्र के तहत गंभीर आरोप लगाकर आरोपियों से धन ऐंठने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि झूठे आरोप लगाकर कानून का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने ट्रेड डील के विरोध में नारेबाजी कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा।

बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम नितिन गौड़ को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ट्रेड डील को किसान व मजदूर किसी कीमत बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह ट्रेड डील नहीं बल्कि भारत के किसानों के गले में सीधा सीधा फांसी का फंदा है। हर साल सैकड़ों किसान आत्महत्या कर रहे है। इस डील के पास होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ सकती है और किसान पूरी तरीके से बर्बाद हो जाएगा।प्रदर्शन करने वालो मे नवनीत प्रधान, एम अनीश चौधरी, गौरव, अंकुर चौधरी, नितिन, तस्लीम सैफी, अनस चौधरी, चौधरी दिवाकर, शुभंभ सिद्धू, अमन चौधरी शामिल रहे।

### कलक्टेट में सौंपा ज्ञापन



# दो भाईयों को दरांती मारकर किया घायल

### मां व दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गाँव में महिला ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर दो भाइयों को मारपीट करके और दरांती का प्रहार करके घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव कांकाठेर निवासी जयलाल का पुत्र महेंद्र कुमार गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे गांव स्थित दुकान से सामान लेकर घर वापस जा रहा था। घर के सामने पहुँचने पर सरोज पत्नी शिवराज ने अपने पुत्र कृष्ण और मोहि. हत के साथ मिलकर महेंद्र कुमार के साथ गाली गलौच व मारपीट की। शोर सुनकर उसका भाई जीतू बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं आरोपियों ने दरांती से भी प्रहार करके घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बुद्ध पूर्णिमा आज, स्नान को उमड़ेंगे श्रद्धालु

### बोधिसत्व बुद्ध विहार में होगी बुद्ध वंदना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगाधाम तिगरी और ब्रजघाट में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का गंगा स्नान के लिए उमड़ने है। पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए योजना तैयार कर ली है।

बता दें कि श्रद्धालुओं में बुद्ध पूर्णिमा का विशेष स्थान है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से श्रद्धालुओं के दु:ख दूर होते हैं। दूर स्थानों पर रहने वाले श्रद्धालुओं ने गुरूवार की शाम से ही ब्रजघाट की और प्रस्थान करना शुरू कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद रहेगी। वहीं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर के सिद्धार्थ इंटर कॉलेज, बुद्ध नगर (मौहल्ला नाईपुरा) स्थित स्थित ष्बोधिसत्व बुद्ध विहारष में शुक्रवार की सुबह प्रात: 9 बजे से बुद्ध वंदना एवं धम्म कार्यक्रम आयोजित होगा। राम सिंह बौद्ध (रेडियो मैन) एवं रविराज सिंह ने अधिकाधिक लोगों से पहुँचने का आह्वान किया है।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भारतीय किसान यूनियन (लोकहि. हत) अराजनैतिक की मासिक पंचायत गुरुवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित हुई। पंचायत के बाद किसानों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों का विरोध करते हुए उन्हें हटाकर दोबारा पोस्टपेड व्यवस्था लागू करने की मांग की। किसानों का आरोप था कि बिजली विभाग के अधिकारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे और फोन तक नहीं उठाते। उन्होंने चेतावनी दी कि रवैये में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में आवारा पशुओं और बंदरों से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने 2025-26 सत्र का बकाया गन्ना भुगतान जल्द दिलाने की मांग की। साथ ही गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार रोकने की भी मांग की गई। संगठन ने 14 मई को ब्रजघाट स्थित संकट मोचन धाम में महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की। इस दौरान शब्बन चौधरी, कैलाश त्यागी, आसिफ अली रायनी, बंटी अम्हेड़ा समेत कई किसान मौजूद रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



### दिल्ली आईडियल स्कूल में टीकाकरण कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए टिटनेस और डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गंभीर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखना और उनके स्वास्थ्य को मजबूत बनाना रहा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुसार टीके लगाए। साथ ही बच्चों को टीकाकरण के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

### हजरत इमाम अली रजा के यौमे विलादत पर महफिल

# ऐ फरिश्तों वहां ले चलो, जहां पर कयाम-ए-रजा...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर में हजरत इमाम अली रजा अलेहिस्सलाम के यौमे विलादत पर गुरुवार को जगह-जगह जश्न मनाया गया। कहीं महफिल सजाई गई तो कहीं सबील लगाकर शरबत से राहग. ीरों की प्यास बुझाई गई।

इसी क्रम में बुधवार रात शहर के मोहल्ला मंडी चौब स्थित अजाखाना मोहम्मद यूसुफ में हजरत शाह विलायत एजुकेशनल ग्रुप के संयोजन में महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें मंच पर अयातुल्लाह सैय्यद अली खमेनेई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए। महफिल का आगाज मौलाना अबुल हसन ने तिलावते कलाम-ए-पाक से किया। वहीं, नात का नजराना अर्श अमरोहवी, मोहम्मद अली और मोहम्मद मेहंदी ने पेश किया। इसके बाद प्रोफेसर नाशिर नकवी, डा.लाडले रहबर, डा.मुबा. रक अमरोहवी, शाने हैदर बेबाक, ताजदार अमरो. हवी, मूसी अमरोहवी, फुरकान अमरोहवी अशरफ फराज, साहिल अमरोहवी, साहिल अमरोहवी आदि ने अपना कलाम पेश किया। मौलाना अलमदार सीतापुरी ने तकरीर में इमाम की जिंदगी पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इमाम रजा को इमाम-ए-जामिन के नाम से भी जाना जाता है। इमाम की जिंदगी से जुड़े कई वाक्याता का भी उन्होंने जिक्र किया। आलमदार सीतापुरी ने कुछ यूं कलाम सुना कर महफिल को नूरानी बनाया...ये एक रात की महफिल तो कुछ नहीं है जनाब, रजा की मदह मे मशगूल हर सदी देखी। सलीम अमरो. हवी ने फरमाया...बाजू पे उनके नाम का सिक्का बंधा हुआ, दुनिया से कह रहा है जमानत रजा की है। इस दौरान शुजाअत अली, डा.शारिक रियाज, अदनान हैदर, अशर अली, मेराज रजा, हैदर जिया, शमीम हसन, विलायत अली, मोहम्मद अली अफजाल, अरशद कमाल, अमजद कमाल, अली हसनैन, नजर मुज्तबा, जॉन नकवी, रजा अली मौजूद रहे।



## स्वरोजगार का सशक्त आधार है कौशल विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। न्यू विद्या भारती आईटीआई में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह एडवोकेट ने किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मनमोहन सिंह ने कहा कि जीवन में कौशल के द्वारा हम स्वरोजगार को बढ़ावा दे सकते हैं। आज कौशल विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी प्रयत्नशील हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला मीडिया प्रभारी कमल सैनी, पुष्पेंद्र सैनी एवं रिंकू सिंह भी मौजूद रहे। संस्थान की ओर से प्रधानाचार्य बृजेश कुमार , योगेंद्र कुमार शर्मा, विनीत कुमार आदि ने उनका पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को पीटा

### पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। दहेज में एक लाख रूपये की मांग पूरी न करने पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने विवा. हता को मारपीट करके घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी सुभाषचन्द्र की पुत्री अमरिता की शादी करीब एक वर्ष पहले 30 जुलाई 2025 में थाना क्षेत्र के गाँव अहरौला तेजवन निवासी सुरेश के पुत्र सो. बित के साथ हुयी थी। अमरिता के माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार उपहार स्वरूप सभी सामान दिया था, लेकिन इससे अमरिता का पति और ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। इन लोगों ने 23.12. 2025 को दहेज में एक लाख रूपये की मांग पूरी न होने पर अमरिता को पीटकर घर से निकाल दिया। उस दिन के बाद से पति या ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति ने अमरिता का हालचाल नहीं जाना। जिसपर पीड़िता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पति सोबित, उसके पिता सुरेश, माँ सुनीता और बहन शीतल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जनरेटर से तीन अल्टीनेटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। चोर जनरेटर के तीन अल्टीनेटर चोरी कर ले गये। रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी अकरम का हाइवे के समीप से चोर बीती रात जनरेटर के तीन अल्टीनेटर चोरी कर ले गये। चोरी की घटना यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी है।

### महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। कस्बे में महिला जन आक्रोश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पुलिस अंडरपास से शुरू होकर चौधरियान मोहल्ला समेत कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी और वापस पुलिस चौकी अंडरपास के सामने पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और विभिन्न मुद्दों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जीतसिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौहान, प्रमोद अग्रवाल और आकाश वाल्मीकि सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। महिलाओं में नामित सभासद सीमा चौधरी, पारूल अग्रवाल, मीनू गुप्ता, मधू जाटव, माया गुप्ता और पूनम वर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुईं।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

**युवक की मौत, परिजनों में कोहराम**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** न्यूरिया क्षेत्र में रात दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था,युवक की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव कैमा निवासी 19 वर्षीय जगराज बुधवार रात किसी निजी कार्य से बाइक से धनकुना की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही अरविंद निवासी मंगदपुर थाना न्यूरिया तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे को देखकर राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां जगराज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अरविंद का उपचार चल रहा है। पुलिस ने जगराज के शव को मोर्चरी में रखवा दिया और स्वजन को घटना की सूचना दी। जगराज की मृत्यु की खबर जैसे ही उसके घरा पहुंची वहां स्वजन बिलख पड़े। न्यूरिया थानाध्यक्ष का कहना है दोनों बाइकों को थाने में खड़ा कराया गया है। मृतक के परिजनों की ओर से वैधानिक करवाई की जाएगी।

## दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गजरौला कलां थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भजा निवासी 22 वर्षीय सुनील कुमार बरेली के क्योलड़िया निवासी समसूद का ट्रक चलाता था। बुधवार रात सुनील ट्रक लेकर सितारगंज से गिट्टी भरने जा रहा था। ट्रक में मालिक समसूद और परिचालक सूरज भी सवार थे। जैसे ही ट्रक सितारगंज के मलपुरी क्षेत्र में पहुंचा, सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक सुनील और परिचालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मालिक समसूद बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां डाक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक मालिक और पुलिस ने परिजनों से वार्ता की, इसके बाद सुनील के शव को पीलीभीत जिला अस्पताल लाया गया और मोर्चरी में रखवा दिया गया। गुरुवार को शहर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। सुनील अपने पीछे चार साल का बेटा और दो साल की बेटी अनन्या को छोड़ गया है।

## गौशालाओं में भ्रष्टाचार सड़क पर कूड़ा खा रहे गोवंश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** सरकार की प्राथमिकता में शामिल गोवंश संरक्षण योजना बीसलपुर ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। क्षेत्र की गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, जहाँ चारे और पानी के अभाव में बेजुबान जानवर दम तोड़ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि गौशालाओं के संचालन के लिए आने वाले सरकारी बजट का बंदरबांट किया जा रहा है।

कागजों पर पशुओं के लिए उत्तम आहार और चिकित्सा की व्यवस्था दिखाई जा रही है, लेकिन हकीकत में गौशालाओं में पशुओं की हड्डियां निकल आई हैं। चारे के नाम पर केवल सूखा पुआल (पॉली) दिया जा रहा है, जिससे गोवंश कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। गौशाला परिसर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

कीचड़ और गंदगी के बीच रहने को मजबूर गोवंश आए दिन बीमार पड़ रहे हैं। उचित इलाज न मिलने के कारण कई पशु दम तोड़ चुके हैं। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की है कि मृत पशुओं के निस्तारण में भी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ब्लॉक प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा नियमित निरीक्षण न किए जाने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय समाजसेवियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बीसलपुर ब्लॉक की गौशालाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सरकारी धन का गबन करने वाले सचिवों व प्रधानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि बेजुबान पशुओं को बचाया जा सके।

**एक नजर**

## प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का पीलीभीत में भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल गुरुवार दोपहर पीलीभीत पहुंचे। यहां पहुंचने पर व्यापारियों ने उनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में बनवारी लाल कंछल ने व्यापारियों के हितों को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए।

उन्होंने कहा कि सरकार को व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा करना चाहिए और दुकान जलने पर एक करोड़ रुपये का बीमा दिया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने की आवश्यकता है। बैंकिंग व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि व्यापारियों को एफडी पर केवल 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलता है, जबकि यदि रिटर्न लेट हो जाए तो बैंक 18 प्रतिशत ब्याज वसूलती है। व्यापारियों को भी एफडी पर 18 प्रतिशत ब्याज मिलना चाहिए। इसे उन्होंने सरकार की सबसे बड़ी लूट करार दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, अशोक खंडेलवाल, निमित अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## हर्ष फायरिंग का शिकार बना युवक, अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** 29 अप्रैल को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुआबोझ में श्री रामनाथ की पुत्री साधना देवी के विवाह कार्यक्रम के दौरान रजत पुत्र छोटे उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मोहल्ला कायस्थान थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत द्वारा हर्ष फायरिंग की गई। रजत, रामनाथ को कार्य पर ले जाने वाला ठेकेदार है, जिसने उन्हें कुमार राइस मिल में ट्रैक्टर चलाने का कार्य दिलाया, जिसके कारण उसे कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। फायरिंग के दौरान वहां उपस्थित जगतवीर पुत्र रामपाल निवासी ग्राम सुआबोझ थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत, जो परिवार का ही सदस्य के गर्दन में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के उपरांत परिजनों द्वारा घायल को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी पूरनपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया। चिकित्सकों द्वारा घायल की स्थिति सामान्य बताई गई है। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त रजत उपरोक्त को अवैध तमंचा .32 बोर मय कारतूस पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## गैस सिलेंडर की बुकिंग में सर्वर और ओटीपी बना मुसीबत, उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत रसोई गैस उपभोक्ताओं को इन दिनों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडरों की बुकिंग और डिलीवरी के दौरान सर्वर डाउन होने और ओटीपी न आने की समस्या ने आम जनता के साथ-साथ एजेंसी प्रबंधन की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले कुछ दिनों से बीसलपुर गैस सर्विस पर सिलेंडर लेने पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। डिजिटल प्रक्रिया अनिवार्य होने के कारण बिना ओटीपी वेरिफिकेशन के सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण इलाकों से आने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या और कंपनी के मुख्य सर्वर में तकनीकी खराबी के चलते उनके पास समय पर ओटीपी नहीं पहुंच पा रहा है।



सर्वर की धीमी गति के कारण एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग अपना काम छोड़कर सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। कई बार सर्वर पूरी तरह ठप हो जाने से उपभोक्ताओं को खाली हाथ भी वापस लौटना पड़ रहा है। इस संबंध में बीसलपुर गैस सर्विस के मालिक विपुल अग्रवाल ने बताया कि तकनीकी समस्या ऊपर से (कंपनी स्तर से) ही चल रही है। सर्वर डाउन होने की वजह से डेटा अपडेट होने और ओटीपी जेनरेट होने में काफी समय लग रहा है। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी भी उपभोक्ता को खाली हाथ न जाना पड़े, लेकिन सिस्टम की धीमी गति के कारण डिलीवरी में देरी हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## उल्लासपूर्वक मनाया गया श्रमिक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बेन-हर गुरुकुल एवं बेन-हर किड्स वर्ल्ड में सम्मान एवं उत्साह से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने समस्त कर्मचारियों के योगदान को सराहा और उनके परिश्रम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रबंध निदेशक गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, निर्मल कौर, हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडेय, नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना एवं मोहिनी उपाध्याय, एक्टिविटीज इंचार्ज गुरसेवक सिंह तथा एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। सभी ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्य की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता के



पीछे श्रमिकों का अथक परिश्रम और समर्पण होता है, जिसे सदैव सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं जैसे म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी (टगऑफवॉर), बैलेंस रेस, बैलून रेस तथा स्ट्रॉ-पेपर होल्डिंग रेस आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं ने पूरे वातावरण को आनंद और ऊर्जा से भर दिया। इसके साथ ही छात्रों व शिक्षकों द्वारा श्रम एवं श्रमिकों के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी को जागरूक किया और श्रम की गरिमा को समझने का संदेश दिया।

अंत में विजेता कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल कर्मचारियों के उत्साहवर्धन का माध्यम बना, बल्कि सभी के मन में श्रम के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत कर गया।

## बदायूं सदर तहसील सभागार में सेवानिवृत हुए दो कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बदायूं।** नवीन कुमार संग्रह अमीन एवं सोमदेव संग्रह अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे जो आज 30-4-2026 को सेवानिवृत हुए हैं उनके तमाम साथियों ने उन्हें भाव भीनी विदाई दी इस अवसर पर तहसीलदार सदर दीपक कुमार नायव तहसीलदार जिला अध्यक्ष राकेश दीक्षित जिला मंत्री कुंवर पाल सिंह वीरेन्द्र पाल माल बाबू जवाहरलाल श्याम बाबू अखिलेश कुमार रामसरन मारूफ मियां महफूज अली सभी साथियों ने माल्यार्पण कर शाल उड़ाई एवं मुहँ मीठा किया और उनके सेवानिवृत्ति उज्जवल भविष्य की कामना की

## 4 अभियुक्त शांति भंग करने पर गिरफ्तार, एस डी एम सदर के समक्ष पेशी

**बदायूं कुंवरगांव।** गुरुवार को थाना कुंवरगांव पुलिस ने शांति व्यवस्था अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए शांति भंग करने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में वीरत्न पुत्र नेमचन्द्र (40 वर्ष) निवासी कुआँडाडा, छोटेलाल पुत्र बाकेलाल (48 वर्ष) व अंकित पुत्र छोटेलाल (25 वर्ष) निवासी कुआँडाडा तथा आशीष पुत्र हरीशंकर (21 वर्ष) निवासी ग्राम फरीदपुर चकोलर, हाल पता संजय नगर थाना बारादरी जिला बरेली शामिल हैं।

## आईएससीई दसवीं का परिणाम देख बच्चों के खिले चेहरे

**गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल की रिद्धिमा अग्रवाल बनीं डिस्ट्रिक्ट टॉपर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** काउंसिल आफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन आईएससीई बोर्ड की 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हु गया। गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल का यह पहला आईएससीई बोर्ड परीक्षा का परिणाम हैं। गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल की आईएससीई बोर्ड परीक्षा के लिये 66 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया था, जिसमें सभी 66 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण है विद्यालय का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं की का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा।



दशवीं कक्षा में 66 बच्चे परीक्षा में बैठे थे जिसमें सभी बच्चे उत्तीर्ण रहे जिसमें कुल छाघ्त्राएं 27 है जिनका परीक्षा परिणाम 71.67 प्रतिशत रहा और कुल छात्र 39 है जिनका परीक्षा परिणाम 61.30 प्रतिशत रहा। और सभी बच्चों के परीक्षाफल का 76.3: प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा रिद्धिमा अग्रवाल जिले में पहला स्थान 95.6% के अंकों के साथ प्राप्त किया। निर्भया ने 93.2% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खुशी चौधरी 92.4% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनुष्का ने 91% के साथ चौथे स्थान पर रही। आरूष भट्ट ने 90% के साथ पांचवी स्थान पर रहा। सुबह 11:00 बजे जैसे ही परीक्षा का परिणाम आया सभी विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। सभी छात्र एवं छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम को देखकर अत्यधिक हर्षित हुए। सभी ने एक- दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय की संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी जी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आपका परीक्षाओं का परिणाम वास्तव में आपका परिश्रम का परिणाम होता है आप सभी अपने जीवन की प्रत्येक परीक्षा में सफल हो।

विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें और जैसे आपने इस परीक्षा को अच्छे अंकों से पास किया है ऐसे ही जीवन की प्रत्येक परीक्षा को सफलता को प्राप्त करें जीवन भी एक परीक्षा है परीक्षाओं से घबराना नहीं चाहिए।परीक्षा का परिणाम वह आईना है जिसमें हमारा परिश्रम दिखता है परिश्रम के बल से हम बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।



हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे विद्यालय ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। मुझे यह गर्व है मात्र 66 बच्चों में से 5 बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए हैं जो की 7.5 प्रतिशत है यह एक बहुत ही अच्छा आंकड़ा है। सभी मेधावी विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों एवं सहयोगी अभिभावकों को हार्दिक बधाई। आपकी मेहनत ने हमारा सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है! यह सफलता हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देती है।

**डा.सोनिया गोस्वामी, विद्यालय संरक्षिका**
**गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल**

## डी पाल स्कूल में जिया उर रहमान टापर ईशान गुप्ता दूसरे, माधव तीसरे स्थान पर रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त की। विद्यालय में इस वर्ष कुल 24 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनका परिणाम 100% रहा। विद्यालय के टॉपर छात्र जिया उर रहमान ने 94% , ईशान गुप्ता ने 91% , माधव मुरारी वार्ष्णेय ने 89.4% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसके साथ ही फिजिकल एजुकेशन में तनिष्क वार्ष्णेय, अंश वार्ष्णेय तथा आयुष यादव ने 100 में 100 नंबर हासिल किए। कुल 24 बच्चों में से 18 बच्चों ने किसी न किसी विषय में डिस्टिंक्शन (विशिष्टता) हासिल की। डी पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी व प्रधानाचार्या सिस्टर जोशिता जॉर्ज ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का फल है। विद्यालय प्रबंधन व समस्त शिक्षक स्टाप ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कुंवरगांव में बालिकाओं की जागरूकता बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं कुंवरगांव।** मिशन शक्ति फेज-5 "दीदी अभियान" के अंतर्गत कस्बा कुंवरगांव में बालिकाओं की एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

बैठक के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान शामिल हैं। इसके साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 और 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930।, कार्यक्रम में महिला हेड कांस्टेबल सुमन वर्मा, नीलम सक्सेना तथा महिला रिक्रूट सिखा और शैली ने उपस्थित रहकर बालिकाओं को जागरूक किया।

## बाढ़ व जलभराव से राहत के लिए किया मंथन

**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर के विशेषज्ञों के साथ पालिक.ाध्यक्ष की बैठक हुई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** शहर में बाढ़ की समस्या और अत्यधिक बारिश के दौरान होने वाले जलभराव से स्थायी समाधान तलाशने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर, नई दिल्ली से आए विशेषज्ञों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के साथ विस्तृत चर्चा कर शहर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया। बैठक में बाढ़ प्रबंधन, जल निकासी व्यवस्था, नालों की स्थिति, जलभराव वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान तथा भविष्य की कार्ययोजना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

विशेषज्ञों ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ते जलभराव की समस्या के समाधान के लिए वैज्ञानिक और दीर्घकालिक रणनीति अपनाना बेहद आवश्यक है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बैठक में कहा कि शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर एक विस्तृत और व्यवहारिक रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तैयार की जाने वाली योजना पर्यावरण के अनुकूल हो, जिससे जलभराव से



राहत मिलने के साथ प्राकृतिक संत.ुलन भी बना रहे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सीनियर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानर लवलेश शर्मा, अर्बन डवलपमेंट स्पेशलिस्ट रिवर साइट्स विभूषित सक्सेना, सीनियर प्रोग्राम एसोसिएटस रिवर साइट्स मौमिता कर्मकार तथा बरेली के अर्बन प्लानर जिया मौजूद रहे। सभी विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शहर की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी सुझाव प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, नालों की नियमित सफाई, जल निकासी मार्गों के चौड़ीकरण और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और प्राकृतिक जल प्रवाह को बनाए रखने की आवश्यकता भी बताई। अंत में निर्णय लिया गया कि संबंधित टीम जल्द ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी और उस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को सौपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस पहल से नगरवासियों को भविष्य में जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

## राज्यपाल की मौजूदगी में गुजरात स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दिशा इंटर कॉलेज में गुजरात स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यालय में बनने वाले बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास भी किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विद्यालय प्रांगण में लगे 'बापू बाजार' में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने गुजरात की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं शिव स्त्रोत पर एकल नृत्य, गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। फैशन शो के



माध्यम से छात्रों ने महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं गुजराती संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

अपने संबोधन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी को गुजरात स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यालय की संस्थापिका पुष्पलता गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करना सबसे बड़ा सेवा कार्य है।

## बिजली कटौती, गैस किल्लत और धांधली के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन षटिकैतष के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें उन्होंने अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन षटिकैतष के कार्यकर्ताओं ने किसानों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की कि किसानों को खाद खरीदने में लगाई गई खतौनी की बाध्यता को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि



क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद होने से उपभोक्ताओं को एजेंसियों पर लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। कड़ी धूप में घंटों इंतजार करने वाले लोगों के लिए छाया और पानी की समुचित व्यवस्था कराने की भी मांग की गई। भाकियू कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा चेकिंग के नाम पर जगह-जगह धन उगाही की जा रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसके अलावा जनपद के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर हवा भरने की सुविधा नहीं होने की शिकायत करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने वृद्धा पेंशन में आय की बाध्यता समाप्त करने की मांग भी उठाई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने गेहूं खरीद से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक मांगी प्रगति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में मण्डलायुक्त ने गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए कहा कि मंडल प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, लेकिन इसे और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को गेहूं खरीद में तेजी लाने, किसानों को प्रोत्साहित करने तथा सभी क्रय केंद्रों पर बोरों की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर पेयजल व बैठने की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य वन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य समय से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक ही स्थान पर बार-बार पौधारोपण न किया जाए तथा प्रत्येक पौधारोपण की जियो टैगिंग कर उसे पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन विभागों ने अभी तक कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं की, उन पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार्ययोजना देने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में "स्कूल चलो अभियान" को तेज करने के निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों का चिन्हांकन कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए।

# शिक्षक की सड़क हादसे में हुई मौत, भाई की हालत नाजुक

■ लोगों ने जताया दुख दी गई श्रद्धांजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बरेली कॉलेज में राजनीति शास्त्र के शिक्षक मिन्नी यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई, वहीं भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। एडवोकेट इमरान अंसारी के आवास पर तमाम लोगों ने शोकसभा कर दुख जताया।



मिली जानकारी के अनुसार जौनपुर में डंपर में घुसी कार, शिक्षक की मौत भाई की हालत गंभीर सुजानगंज थाना क्षेत्र के बाहरपुरकला गांव में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों सगे भाई रायबरेली स्थित अपने कार्यस्थल जा रहे थे। रास्ते में अचानक ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और उनकी एर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि छोटे भाई मिन्नी यादव (42) पुत्र उमाशंकर यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़े भाई राजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजेंद्र यादव को तुरंत पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है मिन्नी यादव बरेली कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में एक 11 वर्षीय बच्चा है।

इस दौरान एडवोकेट इमरान अंसारी, महेश गंगवार, अब्दुल इमरान, अरुण यादव, विशाल यादव, अशोक यादव, मोहम्मद जहीर, हेमंत यादव, असद अंसारी, आफताब आलम, आदि तमाम लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक मिन्नी यादव सरल, सौम्य और सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे उनको हमेशा याद रखा जाएगा।

# मुठभेड़ में दबोचे नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके से अवैध असलाह, कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 28 अप्रैल 2026 को थाना क्योलड़िया क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में साकिब और मुनीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद 29 अप्रैल को सूचना मिली कि दोनों आरोपी वादी पक्ष को मुकदमा वापस लेने के लिए तमंचा दिखाकर धमका रहे हैं।



सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और देर रात करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम मधुनंगला के पास दोनों आरोपियों की घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही आरोपी स्प्लेंडर बाइक से भागने लगे, लेकिन कच्चे रास्ते पर बाइक फिसलकर गिर गई। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें साकिब के पैर में गोली लग गई।

इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। घायल आरोपी को तुरंत अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साकिब (19) और मुनीस (20), निवासी ग्राम केलाडांडी, थाना क्योलड़िया के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने और बाद में मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

इस संबंध में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देशराज सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, रामनिवास, कां. राजीव कुमार, सचिन कुमार, दिलदार, लकी सोलंकी शामिल रहे।

## एक नजर

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 20 अप्रैल की रात घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।मामले में किशोरी की मां ने अमन निवासी अलखनाथ किला, बरेली पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। मां का कहना है कि आरोपी पहले भी उनकी पुत्री को भगा कर ले जा चुका है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा महिलाओं ने निकाली जनाक्रोश महिला पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** भदपुरा मंडल एवं सुंदरी मंडल क्षेत्र में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा "जनाक्रोश महिला पदयात्रा" का आयोजन किया गया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला मंत्री एवं जिला कार्यक्रम संयोजक डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार मौजूद रहे। इस दौरान "जागो नारी, शक्ति दिखाओ, अपने हक के लिए कदम बढ़ाओ" जैसे नारों के साथ महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई यह पदयात्रा केला डांडी से शुरू होकर एस एस टी पब्लिक स्कूल, क्योलड़िया में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह, एस एस टी स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र वीर, रविंद्र गंगवार, मंडल महामंत्री पीतांबर, प्रधान जयवीर सहित रेनू, जशोदा, गायत्री समेत काफी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# शादी में गए दो युवक लापता, परिजनों ने एसएसपी से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही कस्बा के मोहल्ला हसनपुर निवासी हसीन मियां का पुत्र जफर अपने दोस्त गुड्डू के साथ मंगलवार शाम करीब सात बजे थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव नवदिया में शादी समारोह में शामिल होने गया था। रिश्तेदारों के अनुसार दोनों युवक रात करीब 11 बजे तक समारोह में मौजूद थे।परिजनों की उनसे रात साढ़े 11 बजे तक फोन पर बात हुई, लेकिन इसके तुरंत बाद दोनों के मोबाइल फोन बंद हो गए, जो गुरुवार शाम तक बंद ही बताए गए। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका।

हसीन मियां ने बुधवार को अनहोनी की आशंका जताते हुए शाही थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोनों युवकों की तलाश की गुहार लगाई है।

थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध नियंत्रण को डीआईजी सख्त, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**आईजीआरएस शिकायतों से लेकर साइबर क्राइम और ट्रैफिक तक हर मोर्चे पर सख्ती के निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने गुरुवार को एक अहम समीक्षा बैठक की। बैठक में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया और कई अहम निर्देश जारी किए गए।

डीआईजी ने विशेष रूप से आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। बैठक में पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क निगरानी रखने और अफवाहों का समय रहते खंडन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस पर 60 और 90 दिनों से लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को इन्हें जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने को कहा गया।

डीआईजी ने विवेचनाओं को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए ई-साक्ष्य ऐप के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईडी क्रिएशन कर वीडियोग्राफी बयान, फोटो और फॉरेंसिक रिपोर्ट जैसे साक्ष्यों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। इसके साथ ही न्यायालय से समन्वय स्थापित कर ई-समन जारी करने और उसकी समयबद्ध तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**डीआईजी बोले: सिस्टम को दुरुस्त करें, लापरवाही नहीं चलेगी**

डीआईजी ने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, सीसीटीएनएस पर लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से साक्ष्यों को विवेचनाओं में जोड़ा जाए, न्यायालय से समन्वय स्थापित कर ई-समन जारी किए जाएं तथा उनकी समयबद्ध तामीला सुनिश्चित की जाए, साथ ही सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए अफवाहों का तत्काल खंडन किया जाए।

अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग को प्रभावी बनाने के लिए यक्ष ऐप पर शत-प्रतिशत डेटा फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं जीएसटी टैक्स चोरी से जुड़े मामलों की विवेचनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई, और उन्हें तेजी से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। मादक पदार्थों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। ऑपरेशन दहन और अन्य अभियानों के तहत ड्रग तस्करों पर सख्त शिकंजा कसने को कहा गया। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराने, जागरूकता बढ़ाने और प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर डीआईजी ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए महिला बीट प्रणाली को और मजबूत बनाने और मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन पर जोर दिया।

इसके अलावा साइबर अपराधों की रोकथाम और त्वरित निस्तारण के लिए साइबर हेल्प डेस्क को और सक्रिय बनाने, लीन अमाउंट की स्थिति पर नजर रखने और पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने के निर्देश दिए गए। अंत में डीआईजी ने स्पष्ट किया कि सभी जनपदों में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**डीआईजी का सख्त संदेश:अपराधियों पर करें कड़ी कार्रवाई**

डीआईजी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए, जीएसटी टैक्स चोरी से संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण किया जाए, जीरो फेटेलिटी अभियान के तहत यातायात नियमों का सख्त अनुपालन कराया जाए, मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को और प्रभावी बनाया जाए, तथा साइबर अपराधों के त्वरित निस्तारण हेतु साइबर हेल्प डेस्क को सक्रिय रखते हुए पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।

# चार-चार किशोरों की मौतों के बाद जागी पुलिस

■ एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवाबगंज का गैस रिफिलिंग कांड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आखिर पुलिस का जमीर जाग ही गया, और वर्कशॉप संचालक को आनन-फानन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि दो आरोपी आज भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

18 अप्रैल की शाम बरखन रोड पर श्मशान भूमि के पास अवैध रूप से संचालित किए जा रहे एसके बाबू के वर्कशॉप में एक ईको कार के टैंक में गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई थी, जिसमें कई लोग गम्भीर रूप से झुलस कर घायल हो गए थे। बस्ती के लोगों को जैसे-तैसे घायलों को वर्कशॉप से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया था। अगले दिन प्रभात नगर के रहने वाले घायल 13 वर्षीय अजीत का निधन हो गया था, बस्ती के लोग अभी अजीत के निधन के दुख से उभर नहीं पाए थे कि यासीन नगर बस्ती के 14 वर्षीय अर्सिल का भी निधन हो गया था, एक दिन बाद ही इसी बस्ती के साहिल रजा का भी निधन हो गया था। तीन-तीन किशोरों की मौत के बाद भी जब पुलिस की नींद नहीं टूटी तो 21 अप्रैल को घायल हुए इसी बस्ती के छात्र अरमान के पिता बाबू ने वर्कशॉप संचालकों समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, और 28 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराने वाले बाबू के घायल पुत्र मो0 अरमान ने भी दम तोड़ दिया था।

देर शाम जब छात्र मो0 अरमान का शव बस्ती में पहुंचा तो उसे देखने को लोगों का तांता लग गया। बताया जाता है कि जब अरमान को बस्ती के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक खाक करने के लिए ले जा रहे थे कि लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर आक्रोश फैल गया, जिसकी जानकारी लगते ही कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ बस्ती जा पहुंचे, और लोगों को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर शान्त किया। उसके बाद ही लोगों ने मो0 अरमान के शव को सुपर्द ए खाक किया, उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी वर्कशॉप संचालक एसके बाबू को पुलिस ने बुधवार को ही गिरफ्तार कर लिया था, पुलिस ने आज उसे जेल भेज दिया। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# जूस की दुकानों पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी, मिला सड़ा आम का जूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसडीएम और सीओ आवास के पास लगने वाले जूस के ठेलों पर गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर सैंपल भरे। टीम के पहुंचते ही जूस विक्रेताओं में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार और ठेले वाले अपनी-अपनी दुकानें समेट कर भाग गए।



खाद्य विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि नगर में मोटी कमाई के चलते आम, मौसमी, अनार और बेल का मिलावटी जूस खुलेआम बेचा जा रहा है, शिकायत के आधार पर फूड इंस्पेक्टर तेज बहादुर के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें उन्हें कई अनियमितताएं मिलीं। जांच के दौरान एसडीएम आवास के पास एक ठेले पर सड़ा हुआ आम का जूस पाया गया, जिससे तेज दुर्गंध आ रही थी। फूड इंस्पेक्टर ने मौके पर ही इसे चेक किया और फिर उसे हुए नष्ट करा दिया। अधिकारियों का कहना है कि यदि यह जूस लोगों तक पहुंच जाता तो कई लोग बीमार पड़ सकते थे। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ दुकानदारों को नोटिस भी जारी किए गए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी तरह के अभियान जारी रहेंगे। छापेमारी अभियान नगर पालिका क्षेत्र, खारजा मार्ग और मुख्य बाजार तक चलाया गया। कार्रवाई की सूचना फैलते ही किराना, मिठाई और जूस की कई दुकानों के शटर गिर गए, और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विभाग ने लोगों से अपील की है कि खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करते समय सतर्कता बरतें।

# छात्र परिषद गठन समारोह में दिखा उत्साह

■ आफताब बने हेड बॉय व गौरिका हेड गर्ल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को आयोजित समारोह में नए शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार आशीष कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र मिश्रा ने किया।



छात्र परिषद में कक्षा 12 के छात्र आफताब को हेड बॉय और गौरिका सिंह को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा रेड हाउस से देवांश गौर व जिज्ञासा, ब्लू हाउस से प्रिंस शर्मा व श्रद्धा, ग्रीन हाउस से फरदीन व रिद्धि तथा येलो हाउस से आशमित व आयुषी रस्तोगी को कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई। वाइस कैप्टन, अनुशासन प्रभारी और खेल प्रभारी भी नियुक्त किए गए। अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया।इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के निदेशक अचल मिश्रा ने नेतृत्व और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

संस्थापक रमेश चंद्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं, डॉ. चारु खन्ना ने छात्र परिषद और क्लबों के गठन की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित होती है।

# स्टिंग में ही फेल हो गई 18 करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी

**शीशगढ़।** बरेली जिले की नगर पंचायत शीशगढ़ की आबादी लगभग 50 हजार है।जिसमे सरकार की पुनर्गठन पेयजल योजना(अमृत 2-0 कार्यक्रम) के अंतर्गत कस्वे के मोहल्ला अंसार नगर में 18 करोड़ 17 लाख की लागत से 20 लाख किलोलिटर की छमता का ओबर हेड टैंक की टंकी बनाए जाने की मंजूरी हुई थी। जिसका 13 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों द्वारा शिलान्यास होने के साथ ही (कार्यदायी संस्था) एससीएन डीएस के द्वारा टँकी का निर्माण कार्य भी पूर्ण कराया जा चुका है । साथ ही घर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत टंकी के पानी का पानी पहुंचाने की लिए सड़क खोदकर पाइप लाइन भी बिछाई जा चुकी है जिससे नगर वासियों को शुद्ध पानी मिलने की उम्मीद जागी थी । अब टंकी को बने व पाइप लाइन को बिछे लगभग एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद जब इसकी टेस्टिंग की गई तो यह टँकी टेस्टिंग में ही फैल हो गई है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते पाइप लाइन बिछने के बाद भी मरमम्त के अभाव में कस्वे की अधिकतर सड़के अभी भी टूटी हुई हैं।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

टंकी बनकर तैयार तो हो गई है, लेकिनअभी टेस्टिंग का कार्य चल रहा है जो लगभग तीन माह तक चलेगा। रही बात टोंटियों की तो कस्वे की जनता को टोंटियों को लगबाने में सहयोग करना चाहिए।

**शुभम अग्रवाल**
**अवर अभियंता**
**जल निगम बरेली**

टंकी पहले ही टेस्टिंग में फेल हो चुकी है ।जिससे कस्बे के लोगों को शुद्ध जल नहीं मिल पा रहा है। जल निगम के ठेकेदार द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन के कार्य मे कस्बे के अधिकतर हिस्सों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिस कारण कस्बे की जनता को काफी परेशानी हो रही है। क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराने के लिए हमने विभाग को लिखकर दिया गया है क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को ठीक कराने की जिम्मेदारी जेलनिगम की है।

**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगर पंचायत शीशगढ़**

# फंदे पर लटकी मिली किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि, हत्या का केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर फंदे पर लटकी मिली 12 वर्षीय किशोरी के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से अहम खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, किशोरी के साथ दुष्कर्म किया गया था, जबकि मौत का कारण फांसी लगना पाया गया है। इसके बाद मृतका के पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को किसी करीबी पर ही संदेह है।मंगलवार शाम किशोरी का शव घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता, जो दिल्ली में मजदूरी करते हैं, ने बताया कि घटना के समय उनकी पत्नी राशन लेने गई थी और घर में दोनों बेटियां अकेली थीं। कुछ देर बाद छोटी बेटी ने बड़ी बहन को फंदे पर लटका देखा और वीडियो कॉल के जरिए पिता को इसकी जानकारी दी।दो डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में स्पष्ट हुआ कि किशोरी की मौत फंदे पर लटकने से हुई, लेकिन उससे पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था।

शरीर के संवेदनशील अंगों के अलावा कंधे और कमर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। जांच के लिए स्लाइड तैयार कर ली गई है।

**पहले भी शोषण की आशंका परिजनों की चुप्पी पर सवाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि किशोरी के साथ पहले भी कई बार दुष्कर्म हुआ था। हालांकि इस संबंध में परिवार की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया गया है कि घटना से एक दिन पहले मां ने किशोरी के साथ मारपीट की थी, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं हो सका।करीबी पर शक, सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की, लेकिन किसी पर सीधे तौर पर आरोप नहीं लगाया गया। अधिकारियों का मानना है कि इस घटना में किसी करीबी की संलिप्तता हो सकती है। इसी के चलते घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवी आर कुब्जे में लेकर उसकी जांच की जा रही है। अंशिका वर्मा एसपी साउथ बरेली ने बताया कि पोस्टमार्टम में किशोरी से रेप की बात सामने आई है। मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। जांच के दौरान कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जिनसे करीबी पर ही वारदात को अंजाम देने का शक है।

# रालोद बरेली का शिष्टमंडल जयंत चौधरी से मिला

■ किसानों के बकाया गन्ना भुगतान और 2027 चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) बरेली के एक शिष्टमंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना ने किया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष मो. मतलूब एडवोकेट, प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक, वरिष्ठ नेता सचिन सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ चौधरी, कुलदीप सिंह पवार, बहेड़ी विधानसभा अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डॉ. अयूब अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष ओमपाल कश्यप एडवोकेट, बिथरी विधानसभा अध्यक्ष चंदा बाबू और जिला महासचिव शहादत हुसैन समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान बरेली से जुड़े विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। खासतौर पर बहेड़ी क्षेत्र से सचिन सिंह और योगेंद्र सिंह ने केसर चीनी मिल पर किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

इस पर जयंत चौधरी ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता कर किसानों का भुगतान सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि रालोद हमेशा किसानों, युवाओं और मजदूरों के हितों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं, प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बरेली से एक सीट रालोद कोटे में एनडीए से दिलाने की मांग भी रखी। इसके अलावा, विजय बहादुर सक्सेना को बरेली का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# ई-रिक्शा पलटने से चार घायल, दो की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंचा खुर्द के पास दिवना रोड पर गुरुवार को एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में रामादेवी, माधुरी, कमलेश और अरुण निवासी शिवपुरी थाना सिरौली है। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस चालक राजेश और ईएमटी गौरव ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रामादेवी और माधुरी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने पर दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हार्दिक शर्मा पुत्र राम सरन निवासी ग्राम हरदुआ थाना नवाबगंज जनपद बरेली सहित एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि बहेड़ी नगर से एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को पहले से जानते थे और उनके बीच प्रेम प्रसंग होने की चर्चा है। हालांकि, लड़की के नाबालिग होने के कारण पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी गई है। आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

# देश में आधुनिक खेल संस्कृति को नई दिशा देने की पहल तेज

## प्रतिभाओं को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय मंच, एसकेवी वेंचर्स ने पेश की बड़ी योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश में आधुनिक खेल संस्कृति को नई दिशा देने की पहल तेज होती दिख रही है। इसी क्रम में एसकेवी वेंचर्स ने एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर खेलों के क्षेत्र में व्यापक बदलाव की रूपरेखा तैयार की। बैठक में खेल अवसंरचना के विकास, स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन पर गंभीरता से मंथन किया गया। इस पहल को उत्तराखंड में सकारात्मक माहौल और सरकारी सहयोग भी मिल रहा है, जिससे इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि राज्य स्तर से ही खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए आधुनिक स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र और खेल तकनीक को बढ़ावा देने की रणनीति बनाई गई है। इस दौरान उत्तराखंड सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री शादाब शम्स ने कहा कि इस तरह की पहल राज्य के युवाओं के लिए बेहद अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, संस्कार और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे प्रयास न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए मिसाल बन सकते



हैं। बैठक में मौजूद डा. सन्देश यादव ने विस्तृत दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, आज जरूरत इस बात की है कि हम खेलों को केवल मनोरंजन या प्रतियोगिता तक सीमित न रखें, बल्कि इसे एक समग्र तंत्र के रूप में विकसित करें। एसकेवी वेंचर्स का उद्देश्य है कि भारत के युवाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराए जाएं। आने वाले समय में हमारी कोशिश रहेगी कि भारत में ऐसी पेशेवर लीग स्थापित की जाएं, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और देश के खिलाड़ियों को आर्थिक व पेशेवर स्थिरता भी प्रदान करें। हमें विश्वास है कि सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। बैठक में डा. दुष्यंत सिंह, शौर्यवीर चंदवानी, प्रणय मेस्सी, अभिषेक प्रकाश और प्रवीण सांगवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संगठित अपराध पर शिकंजा, गढ़मुक्तेश्वर में गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में नामजद शातिर अपराधी की अवैध संपत्ति को कुर्क कर दिया। गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए करीब 25 लाख रुपये कीमत का 100 गज का प्लॉट जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अपराधियों में भय का माहौल देखा जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार अभियुक्त संजीव पुत्र रामपाल निवासी चांदनीर थाना बहादुरगढ़ द्वारा अवैध गतिविधियों के माध्यम से संपत्ति अर्जित की गई थी। जिला मजिस्ट्रेट हापुड़ के आदेश के अनुपालन में उक्त संपत्ति को कुर्क किया गया। जब्त की गई संपत्ति गढ़मुक्तेश्वर कस्बे के इन्द्रनगर मोहल्ला, वार्ड नंबर-10 में स्थित 100 गज का प्लॉट है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी लंबा रहा है। उसके खिलाफ थाना बहादुरगढ़ में धोखाधड़ी, जालसाजी, अमानत में खयानत और धमकी देने जैसे गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (प्रतिबंध) अधिनियम 1978 के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। वर्ष 2021 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना प्रभारी का कहना है कि अपराध के जरिए अर्जित की गई संपत्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# गांव का पानी हो रहा है दूषित, मोल का पानी पीने के लिए ग्रामीण मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील के ऐसे कई गांव हैं, जहां का पानी बहुत बड़ी मात्रा में दूषित है,और इस दूषित पानी के चलते कैंसर, काला पीलिया हेपेटाइटिस जैसी भयानक बीमारियों ने अपनी बड़ी पकड़ बना रखी है। अनूपशहर गंग नहर शाखा के बराबर से दुषित पानी से युक्त फुलडहरा ड्रैन होकर गुजर रहा है, जो सिंभावली से होकर नहर स्केल स्याना होकर पूठ गंगा में पहुंचता है। इस फुलडहरा ड्रैन के निकट से रझैटी, सलोनी, जमालपुर, बिलाहरा, जखैड़ा रहमतपुर, रजापुर, बहादुरगढ़ सेहल आदि अनेक गांव हैं, जो इस दूषित पानी के कारण भयंकर बीमारियो की गिरफ्त में है, और हर वर्ष अनेकानेक मौतें कैंसर से होती चली आ रही हैं, इस



दूषित पानी से निजात पाने के लिए यूं तो सरकार की तरफ से गांव-गांव पानी की टंकी लगाने का काम भी सुचारू है, लेकिन बहुतायत में टंकियों की व्यवस्था भी उचित नहीं है, और कई जगह है, टंकियो से वाटर सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। पानी के दूषित होने के चलते अब गांव में पानी मोल यानी पैसे से खरीदकर पीना पड़ रहा है।

बता दें कि इन ग्रामीण क्षेत्रों में 500 टीडीएस तक पीने के योग्य पानी होता है। अगर पानी के अंदर आर्सेनिक और फ्लोराइड की मात्रा अधिक नहीं है। तो 500 टीडीएस तक का पानी बिना फिल्टर में आर ओ के पीने योग्य होता है। डेढ़ सौ से 200 टीडीएस तक की रेंज वाला पानी पीने के लिए सुरक्षित बताया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रति लीटर पानी में टीडीएस की मात्रा 300 मिलीग्राम से कम होनी चाहिए। अगर 1 लीटर पानी में 300 मिलीग्राम से 600 मिलीग्राम तक टीडीएस हो तो उसे पीने योग्य माना जाता है। पानी में मिनरल कम होने के वजह पानी में कम खनिज सामग्री के नुकसान से शरीर के लिये खतरा रहता है। मूलचंद सिंह ने बताया कि अकेले जखैडा रहमतपुर गांव मे हाल ही मे ज्येन्द्र सिंह, रमेश चंद शर्मा सहित कई मौते कैसर से हुई हैं। संदीप सोम ने बताया कि पानी का दूषित होने के कारण लोगो को पानी मोल खरीदकर पीना पड रहा है। गंदा नाला और दूषित तालाबो के निकट का भी भूगर्भीय जल दूषित है। यहां तक कि पिछले कई सालो से स्यंव उनके घर हैड पंप का पानी नही पिया जाता। पास मे सरकारी हैंड पंप जो चौपाल पर लगा है। उसका पानी पीला और बदबूदार है,ऐसी स्थिति मे पानी पीना सीधा स्वास्थ्य के लिए खतरा ही है।

# हाईवे पर स्टंटबाजी, पुलिस ने काटा 16 हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बुलेट मोटरसाइकिल से स्टंट करना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल होते ही यातायात पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की और मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत 16 हजार रुपये का चालान कर दिया। इस कार्रवाई के बाद स्टंटबाजी करने वालों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, एक युवक द्वारा हाईवे पर तेज रफ्तार में बुलेट से खतरनाक स्टंट किए जा रहे थे, जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और वाहन की





पहचान कर संबंधित धाराओं में चालान की कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी नरेश कुमार का कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी व्यक्ति नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर राजपुत समाज के लिए भड़ाऊ वीडियो वायरल होने के बाद राजपुत समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। समाज के हजारों लोग तहसील पहुंचे और आरोपी के के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शीघ्र ही आरोपी का गिरफ्तार कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना खत्म हो सका।

मनीष चौहान के नेतृत्व में राजपुत समाज के हजारों लोग गढ़ तहसील पर पहुंच गए। वहां उन्होंने धरना देना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के समाज के प्रति सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी



करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया है। उस वीडियो से समाज के लोगों को आघात हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की वीडियो से माहौल खराब हो सकता है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं है।

# अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने सौंपा आय व्यय का ब्यौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर की डा. भीमराव अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने इस वर्ष आयोजित अम्बेड़कर शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रम में होने वाले आय व्यय का ब्यौरा सौंपा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गुरूवार को गढ़ नगर की डा. भीमराव अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने रविदास चौक स्थित अम्बेड़कर भवन में इस वर्ष आयोजित अम्बेड़कर जयंती की आय व्यय का ब्यौरा सौंपा। कार्यक्रम का संचालन सचिव मिलिन एड्वोकेट ने किया। कोषाध्यक्ष सतेन्द्र सागर ने बताया कि इस वर्ष अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति को पांच लाख



पिचयानवे हजार छह सौ पचास हजार रूपए की आय हुई। जिसमें पांच लाख चालिस हजार दो सौ रुपए का खर्चा हुआ। इस प्रकार समिति को इस वर्ष पचपन हजार चार सौ पचास रूपए की बचत हुई है। बैठक में मौजूद लोगों ने इस वर्ष जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजन पर समिति की सराहना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष सतेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जयकिशोर, हरीश पुरुषोत्तम, कृष्ण कुमार ढोला, आकाशदीप तौला, बिजेन्द्र बंटी, राकेश मैम्बर, विनोद चन्द्रा, श्रीनिवास सिंह, मोनू, योगेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### फरारी खत्म, 85 लाख लूटकांड का आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में हाईवे पर कलेक्शन एजेंट से हुई 85 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट की घटना में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया। पिलखुवा थाना पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे घटना के खुलासे की दिशा में अहम कड़ी जुड़ गई है। थाना प्रभारी के अनुसार, घटना के बाद से ही फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया आरोपी ऋषभ पुत्र अजय निवासी पक्का बाग थाना हापुड़ नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसे उसके घर से दबोचते हुए हिरासत में लिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि हाईवे पर कलेक्शन एजेंट से 85 लाख रुपये की लूट की इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया था। घटना के बाद पुलिस ने कई टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। लगातार दबिश और सुरागरसी के बाद आखिरकार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। थाना प्रभारी का कहना है कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है, जिससे पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सकेगा। साथ ही फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। सिम्भावली थाना पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी के अनुसार, बक्सर रेगुलेटर के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान फैजान पुत्र जमील निवासी ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली के रूप में हुई। पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना सिम्भावली पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवक अवैध चाकू संग पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने एक और सख्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। बहादुरगढ़ थाना पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने की दिशा में इसे अहम कदम माना जा रहा है।

थाना प्रभारी के अनुसार, चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पहले अभियुक्त भूरा पुत्र बुन्दु निवासी ग्राम पलवाड़ा को नानई बम्बा की ओर आम के बाग के पास से दबोचा गया, जबकि दूसरे अभियुक्त असलम पुत्र मिम्बर निवासी ग्राम पलवाड़ा को पलवाड़ा नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाया और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खाद्य विभाग की टीम ने शहर में खाद्य सुरक्षा को लेकर अपनाया सख्त रुख

eFkjkA खाद्य विभाग की टीम ने शहर में खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सौंख रोड स्थित दो होटलों पर कार्रवाई की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने होटल ताज (प्रोपराइटर मोहम्मद आरिफ) एवं ताज होटल (प्रोपराइटर जमील अहमद) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों होटलों में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। खाना बनाने और परोसने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता भी मानकों के अनुरूप नहीं थी, साथ ही उनके स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत नहीं किए गए।

# आस्था के साथ आज मनाया जाएगा बुद्ध पूर्णिमा, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बुद्ध पूर्णिमा के मद्देनजर बाहरी प्रांतों के श्रद्धालुओं का गुरुवार की दोपहर को ही आगमन प्रारंभ हो गया है, जिसके चलते ब्रजघाट गंगानगरी में चौतरफा चहल पहल बढ़ गई है। देर रात से लेकर शुक्रवार की शाम तक चलने वाले गंगा स्नान पर्व में लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर पुण्यार्जित करेंगे।

वैशाख माह की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी ख्याति हासिल है, जिसमें सच्ची निष्ठा के साथ गंगा में डूबकी लगाकर गरीब-निराश्रितों में दान देने वालों को पापों से मुक्ति के साथ ही मनोवांछित फल प्राप्त होने की मान्यता प्रचलित है। पूर्णिमा के मद्देनजर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत वेस्ट यूपी के दूरस्थ जनपदों से श्रद्धालुओं का आगमन जोरों पर चल रहा है। महानगरों से आ रहे श्रद्धालु मंदिर, आश्रम और धर्मशालाओं में पड़ाव डाल रहे हैं। अर्द्धरात्रि को मुख्य स्नान पर्व प्रारंभ होगा, जो शनिवार की शाम तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए हैं।

# जान जोखिम में डालकर लोग पार कर रहे हैं, रेलवे फाटक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बनाए गए रेलवे फाटकों की अहमियत को दरकिनार कर लोग फाटक बंद होने पर दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर फाटक को पार करते हैं। इन लोगों को न अपनी जान की परवाह और न ही पुलिस का डर। ट्रेन गुजरने के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए फाटक बंद किए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग इन सब बातों को दरकिनार करते हुए बंद फाटक के नीचे से निकलने का प्रयास करते हैं। इनमें साइकिल, स्कूटर, बाइक सवार ही नहीं बल्कि पैदल चलने वाले बुजुर्ग, महिलाएं व स्कूली बच्चे भी शामिल होते हैं। जल्दबाजी में ये लोग यह भूल जाते हैं कि उनकी नासमझी उन्हें कितनी



मंहगी सकती है। अलग-अलग समय पर होने वाले हादसों के बाद भी लोग जानबूझकर अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे है। गढ़ नगर के स्याना मार्ग पर रेलवे फाटक है। यहां रेलवे कर्मी अपनी ड्यूटी के अनुसार ट्रेन आने से पहले फाटक बंद कर देते हैं लेकिन फाटक बंद होते ही लोग इसको अनदेखा कर रेलवे लाइन पार करने की कोशिश करने लगते हैं। कभी-कभी तो ट्रेन आने के बाद भी मोटरसाइकिल सवार पटरी को पार करने से बाज नहीं आते है। कई बार तो ट्रेन बहुत नजदीक आने पर भी वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालने से पीछे नहीं हटते हैं। यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए न तो स्थानीय प्रशासन ध्यान दे रहा है। और न ही रेलवे पुलिस प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। **स्तुति सिंह,सीओ गढ़मुक्तेश्वर** लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए समय-समय पर जागरुक किया जाता है। फाटक लगने के बाद जान जोखिम में डालकर फाटक पार करना कानूनी जुर्म है। ऐसे लोगों के खिलाफ रेलवे पुलिस के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने मारी कार को टक्कर, तीन घायल

eFkjkA यमुना एक्सप्रेस वे पर कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गये। तीनों कार सवार एक ही परिवार के हैं। ये लोग कार से आगरा से नोएडा जा रहे थे। नौहझील क्षेत्र में देर रात करीब एक बजे कार के साथ सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना माइलस्टोन 61 के पास हुई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर बाजना कट चौकी यार्ड में भेज दिया है।

हादसे के कारण कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित हुआ, जिससे राहगीरों को परेशानी हुई। हालांकि, पुलिस ने



मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। मामले की जांच की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# बंद बॉडी ट्रक में मिली 283 पेटी शराब

eFkjkA बंद बाडी के ट्रक में बने लकड़ी के बडे बडे बॉक्स में छिपा कर ले जाई जा रही शराब को चौकिंग के दौरान बरामद कर लिया गया। जब इन बॉक्स को खोलकर देखा गया तो उनमें अवैध रूप से छुपाकर ले जाई जा रही शराब बरामद हुई। कुल 283 पेटी शराब जब्त की गई, जिनमें 51 पेटी फुल बोतल, 174 पेटी हाफ और 58 पेटी क्वार्टर शामिल हैं। बरामद शराब की कुल मात्रा 2526.12 बल्क लीटर बताई जा रही है।

यह शराब हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य थी, लेकिन इसे अवैध तरीके से यहां लाया जा रहा था। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर ही ट्रक को कब्जे



में लेकर शराब को जब्त कर लिया। इस मामले में थाना जैत में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# चिकित्सक मरीज को सही सलाह दें:डा.कलीम

## एसोसिएशन ऑफ फिजिशयन के अध्यक्ष डा.कलीम ने कार्यकारिणी के साथ ली पद एवं निष्ठा की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन के अध्यक्ष डा.कलीम अहमद और उनकी टीम ने पद व निष्ठा की शपथ ली।

देहरादून रोड स्थित सिटी कन्वेंशन सेंटर मे आयोजित कार्यक्रम में डा. कलीम अहमद को अध्यक्ष, डा. विकास अग्रवाल को सचिव, डा. अनुपम मलिक को कोषाध्यक्ष, डा.सौम्या जैन वैज्ञानिक सचिव, डा. नरेश नौसरान संयोजक एन.आई.एम.सी., डा. मोहन पाण्डेय, डा. रजनीश दहूजा, डा. रीना गर्ग उपाध्यक्ष, डा. संजीव मित्तल अध्यक्ष 2027-2028 तथा डा. प्रवीण शर्मा को संयोजक ए.पी.आई.बिल्डिंग की शपथ दिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण चावला ने सभी सदस्यो का स्वागत किया तथा पूरे साल सहयोग के लिए धन्यवाद किया। सचिव डा. अंकुर उपाध्याय ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट पढी। कोषाध्यक्ष डा.



विकास अग्रवाल ने पूरे वर्ष के हिसाब का लेखा-जोखा बताया। ए.पी.आई.के अध्यक्ष डा. कलीम अहमद ने कहा कि चिकित्सक समाज मे फिजिशियन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योकि सर्वप्रथम मरीज फिजिशियन के पास ही जाता है, इसलिए मरीज को सही सलाह देनी चाहिए।

इस अवसर पर डा. मोहन सिंह, डा. डी. के.गुप्ता, डा. जयपाल चन्द, डा. महेश चन्द्रा, डा. अतुल जैन, डा. संजीव मिगलानी, डा. रेणू शर्मा, डा. प्रवीण मित्तल, डा. इन्दिरा सिंह, डा. रवि ठक्कर, डा. संदीप गर्ग, डा. नीलम गर्ग, डा. शलभ जैन, डा. राजीव गर्ग, डा. राजेश शर्मा, डा. सुदर्शन नागपाल, डा. नीतू जैन, डा. साक्षी मलिक, डा. रितु जैन, डा. अंशुल गुप्ता, डा. रजत बंसल, डा. ननीता चन्द्रा, डा. संजीव अग्रवाल आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

# संविधान जिन्दा रखना है: रूही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को जिंदा रखना है। जो लोग अंबेडकर साहब के संविधान को मिटाना चाहते हैं या उसमें बदलाव करना चाहते हैं, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें ऐसा करने नहीं देंगे।

रूही अंजुम यहां एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई उन लोगों से है जो बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहते हैं। ये लड़ाई सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ी जा रही है। बता दे कि रूही अंजुम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दलित समाज के बीच जा रही हैं। लोगों को संविधान बचाने के लिए जागरूक कर रही हैं। दलित समाज का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है। जिले में हर समाज का समर्थन रूही अंजुम को मिल रहा है। नौजवान, बुजुर्ग, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लोग उनके साथ जुड़ रहे हैं। रूही अंजुम जाति-धर्म का भेदभाव नहीं करतीं। सबको एक समान सम्मान देती हैं और सबकी दिल की बात सुनकर समस्या दूर करने का काम करती हैं। रूही अंजुम के आने के बाद समाजवादी पार्टी काफी मजबूत हुई है।

# पाइप लाईन डालने में हो गया खेला

## गांव में पुलिया निर्माण कार्य के दौरान हुआ खेल का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक साढौली कदीम के ग्राम पंचायत बेगपुर नोगावा में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन में ठेकेदार खेल कर गया।



इस खेल का खुलासा उस समय हुआ जब गांव में बड़े कुएं पर एक पुलिया का निर्माण कार्य शुरु किया। तब पता चला कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन एक फीट से भी कम गहराई में डाली गई है, जबकि यह गहराई करीब एक मीटर होनी चाहिये थी। इसके साथ ही पाइप लाईन डालने के नाम पर तोडी गई सीसी सडक को भी सही नहीं किया गया।

गांव के प्रधान का कहना है कि यदि अधिकारीयों को कहा गया तो आरोप लगाया जाता है कि ग्राम प्रधान काम नही करने देते हैं यदि गलत को सही कहा तो जल जीवन मिशन सही है यदि गलतकहा तो काम नही करेंगे।

# आईसीएसई में 10वीं में देवांश और 12वीं में मयंक अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईसीएसई बोर्ड का परिणाम इस बार पूरी तरह शानदार रहा। जिले के तीनों स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा और एक भी छात्र फेल नहीं हुआ।



गुरुवार को जारी हुए 10वीं और 12वीं के नतीजों में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे स्कूलों और घरों में खुशी का माहौल है। दसवीं कक्षा में देवांश सिंघल ने 96.06 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया। वहीं 12वीं कक्षा में मयंक चौधरी ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि दोनों टॉपर सहारनपुर पब्लिक स्कूल के ही छात्र हैं। सहारनपुर पब्लिक स्कूल में 10वीं के कुल 52 छात्र पंजीकृत थे और सभी पास हुए। इस स्कूल में दूसरे स्थान पर तुषार सिंघल रहे, जिन्होंने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि मानवी चौधरी 91.4 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 12वीं में इस स्कूल के 45 छात्रों ने परीक्षा दी थी और सभी सफल रहे। यहां दूसरे स्थान पर दिव्यांशी जैन (95.75 प्रतिशत) और तीसरे स्थान पर अक्षिता सैनी (93.25 प्रतिशत) रहीं। जिले में इंटरमीडिएट का यही एक आईसीएसई स्कूल होने के कारण यही तीनों छात्र जिला टॉप-3 में शामिल रहे।

इंफेंट जीसस स्कूल का प्रदर्शन भी शानदार रहा। यहां 10वीं के 74 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए। नगीन सुगरा और प्रक्षाली जैन ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया और जिले में दूसरे स्थान पर रहीं।

प्रणव वत्स ने 93.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा और जिले में तीसरा स्थान पाया। वैभव ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# अनिल पप्पू व जगपाल सिंह बसपा से निष्कासित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में दो नेताओं को बसपा से निष्कासित किया गया है।

जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार बन्धु ने बताया कि पूर्व पार्षद एवं सहारनपुर के पूर्व जिला प्रभारी अनिल कुमार तथा नानौता निवासी एवं शामली के पूर्व प्रभारी जगपाल को पार्टी से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं को पूर्व में कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन उनके व्यवहार और गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके चलते पार्टी और संगठन के हित में यह कठोर निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पार्टी अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं : मांगेराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रतिभाएं किसी की मोहताज नही होती है वे अपना रास्ता लगन और मेहनत से खुद बना लेती है।

उक्त विचार मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम मे व्यक्त किए। उन्होने कहा कि हमारा नैतिक कर्तव्य है कि उन्हे सम्मानित कर प्रोत्साहित करे। ऐसे विद्यार्थी केवल परिवार, विद्यालय, समाज का नाम ही नही वरन देश का नाम रोशन करते है। कार्यक्रम में जनपद सहारनपुर के



विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थान की समूह निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि इंद्रप्रस्थ कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है तथा सही मार्गदर्शन देना है।

मुख्य रूप से उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, मनसब अली परवेज, सतेंद्र वैदिक, सुनील चौधरी, डा ज्ञान सिंह, जगपाल दत्त स्वामी, बिजेंद्र दीक्षित, मोनिस सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे जिनका संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संचालन डॉ. नेहा त्यागी द्वारा किया गया।

# कई बिन्दुओं पर जांच कर रही पुलिस

**नागल।** गांव जौला निवासी किशोर अजय सैनी का शव मिलने के मामले मे पुलिस विभिन्न बिन्दुओं को ध्यान मे रखकर पडताल कर रही। पुलिस का मानना है कि शीघ्र ही इस मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

बताते चले कि अजय सैनी गत रविवार की शाम लापता हो गया था। बाद मे उसका शव बोहडुपुर गांव के पास सड़क किनारे गडढे मे पडा मिला होने की जानकारी पुलिस द्वारा बुधवार की रात उसके परिजनों को दी गयी थी। इस मामले मे मृतक के परिजनो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अजय की हत्या करने का कथित आरोप लगाकर थाने पर प्रर्दशन भी किया था। जिस पर पुलिस ने मृतक के पिता सागर सैनी की तहरीर के आधार पर अजय सैनी पुत्र धर्मवीर निवासी महेशपुर थाना बड़गांव। सुशील सैनी पुत्र सतपाल सैनी व राकेश सैनी पुत्र सतपाल सैनी निवासी पहाड़पुर तथा सुरेंद्र सैनी पुत्र मोहर सिंह निवासी नयागांव थाना नागल समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा का दर्ज कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई थी। बताया जाता है कि नामजद मे से दो को हिरासत मे लेकर पुलिस जांच कर रही है कि वास्तव मे अजय की हत्या हुई है या जैसे कि चर्चा है कि उस रात गाँव में एक शादी समारोह चल रहा था जिसमें उपरोक्त सभी भी आये हुए थे कि शाम के समय महेशपुर निवासी युवक की बाइक पर बैठकर मेहमानों के लिए मदिरा लेने के लिए बोहडूपुर जा रहे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक पर बैठे अजय की मौत हो गई। उपरोक्त सभी को पता होने पर भी मृतक के परिजनों से यह राज छुपाये रखा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ सदस्य दो कर्मचारी सतीश कुमार व हंसराज को सेवा. निवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी।

इस मौके पर अवर अभियंता गण संदीप रवि कुमार सत्येंद्र नेगी जावेद मुनारी लाल ने सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मानजनक शाल भेंट किये। संरक्षक साधुराम पूर्व अध्यक्ष और सलाहकार नरेंद्र कुमार पूर्व मंत्री आनंद त्यागी जिला अध्यक्ष राजेश बाटला व जिला मंत्री अमित जैन ने कर्मचारियों की गिफ्ट देकर अपने-अपने विचार रख उनकी सराहना की। इस मौके पर अशोक कुमार लक्ष्मी चंद अनुराग नरेश सोलन आदि ने माला डालकर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया।

# अभियान चलाया

**सहारनपुर।** यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म का प्रयोग, गलत नम्बर प्लेट, तीन सवारी और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट 833 चालान, बिना सीट बेल्ट 12 चालान, काली फिल्मरू 3 चालान 7,500 शमन शुल्क, गलत नम्बर प्लेट 16 चालान 80,000 शमन शुल्क, तीन सवारी 39 चालान 39,000 शमन शुल्क, गलत दिशा में वाहन 30 चालान 60,000 शमन शुल्क वूसला गया।

# वार्ड 70 और 64 में चला विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वार्ड नंबर 70 और 64 में सुपरवाइजर सिद्धार्थ कुमार के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया, अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीम ने सड़कों,नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा कूड़े को हटाया तथा गंदगी से अटे पड़े स्थानों को साफ किया। इसके साथ ही नालियों की सफाई कर जल निक. ासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। सुपरवाइजर सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि यह अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है,जो 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित रहेगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित कर मच्छरों व अन्य रोग फैलाने वाले कारकों पर नियंत्रण पाना है।उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि बीमारियों से बचाव किया जा सके।



इस दौरान स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से बीमारियां दूर भागती है, क्षेत्र में स्वच्छता भी बनी रहती है और बीमारियों पर भी प्रभावी नियंत्रण बना रहता है।

# कार्यवाही से बचने को स्वयं हटा लें अतिक्रमण: राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमण करने वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने तथा न हटाने पर अग्रिम कार्यवाही के लिए चेतावनी दी गई।

नगर निकाय की टीम ने बस स्टैंड चिलकाना, सरसावा रोड, सहारनपुर रोड ,व मुख्य बाजार में भ्रमण किया। टीम को आता देखकर कुछ दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान अपनी दुकानो के अंदर रख लिया। वहीं कुछ दुकानदारों को टीम द्वारा चेता. वनी दी गई कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



ज्ञात हो कि इससे पूर्व में भी बस स्टैंड पर नगर निकाय द्वारा रेहडी पटरी वालों के लिए निशानदेही की गई थी तथा सड़क से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया था। लेकिन अब दोबारा बस स्टैंड के निकट पूरी तरह से अतिक्रमण हुआ नजर आने लगा है। जिससे आने जाने राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत ई ओ राजीव कुमार ने बताया कि कुछ जगहों से अतिक्रमण हटवाया गया है।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं कि नगर में कोई भी व्यक्ति स्थाई या अस्थाई रूप से कोई भी अतिक्रमण न करें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा स्थाई या अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया है तो वह स्वयं ही उसे हटा लें अन्यथा पंचायत द्वारा अपने स्तर से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इस दौरान टीम में पंचायत वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार, सहायक लिपिक नफीस अहमद, सफाई नायक अमित कुमार, राजिक अहमद, पंचायत के सफाई कर्मी तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान शामिल रहे।

# जनगणना के लिए प्रशिक्षण 6 मई तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भारत की जनगणना 2027 प्रथम चरण के लिए 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य होना है। इसके लिए सुपरवाईजर्स प्रगणक फील्ड टेनर को प्रशिक्षण देने का कार्य 23 अप्रेल से 6 मई 26 तक किया जायेगा।

एच आर इंटर कालेज में नगर पालिका परिषद द्वारा जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे बैच के 40 सदस्यों के प्रथम त्रिदिवसीय बैच का प्रशिक्षण आज से शुरु हो गया है। कार्यक्रम संयोजक जोगेन्द्र सहगल के अनुसार टेनिंग देने का कार्य भोलानाथ सरोज व अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा किया जारहाहै। प्रशिक्षण कार्य प्रतिदिन 9 से 5 बजे तक होगा।

# सर्वसम्मति से फैसल जमील बने ब्लॉक अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे मे एस एस जूनियर हाईस्कूल मे हुई चुनावी बैठक में मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ, ब्लॉक साढौली कदीम का सर्व सम्मति से फैसल जमील को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है।

चुनावी बैठक बेहट स्थित एस.एस. जूनियर हाई स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े क्षेत्र के विद्यालयों एवं मदरसों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से फैसल जमील को अध्यक्ष एवं राकेश शर्मा को महामंत्री निर्विरोध चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने फुल मालाए पहनाकर स्वागत किया। बैठकों में बोलते हुए नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष फैसल जमील ने सभी का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने सौपी है वे सभी को साथ लेकर चलेंगे जैसे कि मेरे पिता सबको साथ लेकर चलते थे। चुनाव प्रक्रिया में विवेक कम्बोज, विकास जैन,विशेष सैनी, अशोक चौहान प्रमोद कुमार द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद अहमद काजमी ने तथा संचालन मास्टर दिलदार मिर्जा ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौर और विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह मौजूद रहे।

# साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने हासिल की सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** गुरुवार को आईसीएसई दसवीं एवं आईएससी इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें लंढौरा नारायणपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शानदार उपलब्धि हासिल की। विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो कि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हाईस्कूल में कुल 106 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट में 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और उन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हाईस्कूल में 70 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया और छात्र-छात्राएं अपनी सफलता का जश्न मनाते नजर आए। इस वर्ष कक्षा 10वीं के छात्र अंश चन्देल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं की छात्रा शिवांगी सिंह ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिवांश सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रयास करते रहने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

# समितियों में यूरिया खाद न मिलने से किसान परेशान

## डीएम को भेजा ज्ञापन, खतौनी के आधार पर खाद देने की उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता
.......................

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद न मिलने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से डीएम को ज्ञापन देकर खतौनी के आधार पर किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

भाकियू के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों का कहना था कि गोदाम में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद है। इसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। सहकारी समितियों में रोजाना 80-82 कट्टों का वितरण किया जाता है। अगर कोई किसान अधिक कट्टे की मांग करता है तो समिति के अधिकारी उसके साथ अभद्रता करने से भी बाज नहीं आते हैं। यह आलम तब है जब किसान घंटों लाइन में लगकर खाद ले रहा है। पदाधिकारियों का कहना था कि एक बीघे में करीब तीन कट्टे यूरिया खाद के लग जाते हैं। ऐसे में एक कट्टे से किसान क्या फसल उगाएगा। उन्होंने कहा कि खाद का वितरण किसानों की खतौनी देखकर किया जाए। जितने बीघे जमीन है उसी के हिसाब से खाद दी जाए। कम खाद के कारण किसानों की फसल खराब हो जाती है और जिम्मेदारों को कोई फक्र नहीं पड़ता। वहीं उनका कहना था कि यूरिया के साथ किसानों को कीटनाशक दवा भी समिति के अधिकारी जबरन दे रहे हैं।



अगर कोई किसान कीटनाशक दवा लेने से इंकार करता है तो उसे खाद भी नहीं देते हैं। प्रदर्शन करने के बाद किसानों ने इस संबंध में डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर फईम, अब्दुल हसन पाशा, शाहरुख, मोहम्मद जुबैर, शाहनवाज पाशा और सुहेल आदि मौजूद रहे।

# सिविल लाइंस में हुए हादसे में घायल बालिका ने भी तोड़ा दम

**बुधवार को भमरौवा के पास हुआ था भीषणा हादसा, घायलों का बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में बुधवार को भमरौवा के पास हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। बुधवार को हादसे में नंद-भाभी की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने बरेली रेफर कर दिया था। वहां पर एक निजी अस्पता में उपचार के दौरान एक बालिका की भी मौत हो गई। एक ही परिवार में तीन मौत होने के बाद परिजनों में गम का पहाड़ टूट पड़ा है।

यह सड़क हादसा बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में भमरौवा गांव के पास हुआ। बताते हैं कि शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी कृष्णपाल चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताते हैं कि कृष्णपाल के घर पर चार दिन पहले किसी महिला की मौत हो गई थी। जिस कारण घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा लगा हुआ था। मंगलवार को कृष्णपाल की पत्नी लज्जावती, उनकी भाभी भोट थाना क्षेत्र के ग्राम बांस नगली निवासी पूजा और अन्य रिश्तेदार अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार गए थे। बुधवार को सभी कार से वापस लौट रहे थे। एक कार में पूजा, लज्जावती, सुभाष, सौरभ, संतोष और बच्चे भूरी उर्फ कुमुद, अंश और सोनल थे। जबकि दूसरी गाड़ी में अन्य रिश्तेदार थे। बताते हैं कि सभी भमरौवा के पास पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने क्रेटा कार में टक्कर मार दी। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कार अनियंत्रित हो गई थी। हादसे में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच तेज आवाज होने पर आगे दूसरी कार में चल रहे परिजनों को हादसे की जानकारी हुई तो वह भी मुड़कर वापस आ गए। सभी घायल खून से बुरी तरह से लथपथ थे। आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को लेकर जिला अस्पताल आए। यहां पर डाक्टरों ने पूजा और लज्जावती को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों की हालत गंभीर होने पर उनको रेफर कर दिया गया था। इसके बाद परिजनों ने घायलों को बरेली के भोजीपुरा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर गुरुवार को कुंवरपाल की बारह साल की बेटी कुमुद की भी मौत हो गई। बालिका के मौत के बाद परिजनों में गम का पहाड़ टूट पड़ा। फिलहाल बरेली में पोस्टमार्टम हो रहा है।

# ग्राम पंचायत महुआखेड़ा के मतदान स्थल को न बदला जाए

**कलेक्ट्रेट पहुंचकर तमाम ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** स्वार तहसील की ग्राम पंचायत महुआखेड़ा में बने मतदान स्थल को बदलने की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में तमाम ग्रामीण गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां पर उन्होंने मतदान स्थल बदलने पर होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए प्रदर्शन किया। बाद में डीएम को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत महुआखेड़ा की प्रधान नूरबानो का लेटर पैड लेकर तमाम ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका कहना था कि गांव में बने प्राथमिक विद्यालय को हर चुनाव में मतदान स्थल बनाया जाता है। करीब 40 सालों से ग्रामीण यहां पर मतदान कर रहे हैं। मौजूदा समय में स्कूल का भवन पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके बाद भी जानकारी में आया है कि महुआखेड़ा से मतदान स्थल स्थानांतरित कर उक्त पंचायत का मजरा नबीगंज में बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि वह मतदान स्थल गांव से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में ग्रामीणों को वहां तक जाने में काफी असुविधा होगी। खासतौर पर बुजुर्ग और महिलाओं को परेशानी होगी। जिस कारण मतदान का प्रतिशत घटने की आशंका है। लिहाजा ग्रामीणों के हित को देखते हुए मतदान स्थल को स्थानांतरित न किया जाए। इसके बाद ग्रामीणों ने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यासीन, यशपाल सिंह, अफसर अली, धान सिंह, कल्बे अली, नाजिम अली, प्रेम मसीह, इरफान अली, खुर्शीद, आलेहसन और संजू आदि मौजूद रहे।



# पालेज पर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के मदारपुर पुल के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार एक अन्य साथी बुरी तरह जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मदारपुर गांव निवासी अवेद (18) बाइक पर सवार होकर घर से अपने खेत पर लगी तरबूज की पालेज पर जा रहा था, जैसे ही आवेद अली मदारपुर पुल के पास पहुंचा, अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आवेद अली की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार अन्य साथी बुरी तरह जख्मी हो गया। उवैस की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मृतक आवेद अली का अंतिम संस्कार कर दिया गया जबकि बाइक पर सवार एक अन्य युवक का उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है।

# सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों के सम्मान में हुआ विदाई समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीओ टांडा ने पुलिस कर्मियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की। अंत में सभी को उपहार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मूलत: बिजनौर के धामपुर रोड काला गढ़ निवासी चंद्रपाल सिंह वर्ष 1990 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने कई जिलों में सेवाएं दी। वर्ष 2018 में प्रमोशन मिलने के बाद वह मुख्य आरक्षी बन गए। मौजूदा समय में उनकी तैनाती पुलिस लाइन रामपुर में चल रही थी। पुलिस में सेवा के दौरान उन्होंने 35 नगद पुरस्कार और 31 उत्तम प्रविष्टि हासिल की। इसी तरह मुरादाबाद की अगवानपुर निवासी विमलेश यादव वर्ष 1999 में रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात हुई थी। उनका पूरा सेवाकाल रामपुर ही रहा। मौजूदा समय में वह भी पुलिस लाइन में तैनात हैं। आज दोनों पुलिस कर्मी रिटायर हो गए। जिस पर उनके सम्मान में पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीओ टांडा ने सभी का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की। अंत में सभी को उपहार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं आश्वासन दिया कि भविष्य में अगर कोई परेशानी आती है तो विभाग आपके साथ खड़ा है।



# डबल पैन कार्ड केस: सजा बढ़ाने के मामले में अब चार को होगी सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की डबल पैन कार्ड के मामले में सजा बढ़ाने के लिए आज सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। जिस पर दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने जिरह की। जिरह पूरी न होने के कारण बहस के लिए अब चार मई की तारीख मुकर्रर की गई है। बताते चलें कि नवंबर में निचली अदालत ने दो पैन कार्ड रखने के मामले में आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। तब से दोनों रामपुर जिला कारागार में बंद हैं। इस मामले में आजम व अब्दुल्ला की सजा बढ़ाने के लिए दो अपीलें दाखिल की गई हैं। एक अपील राज्य सरकार की ओर से सजा बढ़ाने व दूसरी पूर्व मंत्री काजिम अली खां और नवेद मियां की ओर से की गई है। हाईकोर्ट के आदेश पर इस मामले मे गुरुवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से एडीजीसी सीमा राणा और नवेद मियां की तरफ से अधिवक्ता संदीप सक्सेना सजा बढ़ाने के पक्ष में दलीलें रखीं। जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने सजा न बढ़ाने की बात कहते हुए निचली अदालत के फैसले को मानने को कहा। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से जिरह की गई है। बाकी रह गई जिरह के लिए कोर्ट ने चार मई की तारीख मुकर्रर की है।

# रामपुर में नई वाहन पंजीकरण सीरीज यूपी 22 बीएल शुरू प्रारम्भ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** अपने वाहन का मनचाहा नंबर लेने के लिए वाहन चालकों के पास सुनहरा मौका है। जिसकी वजह है कि रामपुर में नई वाहन पंजीकरण सीरीज यूपी 22 बीएल जारी कर दी गई है। यह सीरीज 29 अप्रैल से शुरू हुई है। इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बहुत से वाहन स्वामी अपना मनचाहा नंबर लेना चाहते हैं। क्योंकि वह नंबर उनके लिए खास होते हैं। अब ऐसे वाहन स्वामी फैंसी व च्वाइस रजिस्ट्रेशन नंबर का आरक्षण आनलाइन करा सकते हैं। इसके लिए वाहन स्वामी को चंतपऔंद.हवअ.पद पर जाकर ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया अथवा पहले आओ पहले पाओ के तहत पसंद के नंबर का पंजीकरण करा सकते हैं। ई नीलामी में भी भाग लेकर वह अपना नंबर ले सकते हैं। इसके लिए 1000 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और शासन द्वारा तय सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। यदि उस नंबर के लिए कोई और आवेदन नहीं है, तो वह आपको मिल सकता है। यदि कई दावेदार हैं, तो आपको नीलामी में बोली लगानी होगी। यदि वाहन स्वामी बोली में हार जाते हैं तो सिक्योरिटी मनी वापस कर दी जाएगी।

# टेट अनिवार्यता में पुनर्विचार याचिकाएं स्वीकार, सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने बाद शिक्षकों में खुशी की लहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) प्रकरण से जुड़ी पुनर्विचार याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई के लिए स्वीकार किए जाने पर शिक्षकों में खुशी का माहौल है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की खंडपीठ ने 28 अप्रैल 2026 को परिसंचरण के माध्यम से सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं की अर्जियों को मंजूरी प्रदान की। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि पुनर्विचार याचिकाओं की खुली अदालत में सुनवाई के लिए आवेदन स्वीकार किए जाते हैं। साथ ही निर्देश दिया गया कि इन याचिकाओं को 13 मई 2026 को दोपहर 2:00 बजे सूचीबद्ध किया जाए। यह सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश की अनुमति के अधीन होगी।

बताते चलें कि शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़ा यह मामला लंबे समय से विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है। इसमें मुख्य रूप से नियुक्ति प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, प्रश्नपत्र लीक, आरक्षण सहित कई अहम मुद्दे शामिल हैं। उत्तर प्रदेश समेत बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में भी इससे संबंधित याचिकाएं लंबित हैं। इस आदेश को पुनर्विचार की मांग करने वाले शिक्षकों के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि अब इस प्रकरण पर खुली अदालत में विस्तृत बहस का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल एवं जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने इसे शिक्षकों के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है।

# चाइनीज मांझे से कटी गर्दन, दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** शहर में आए दिन चाइनीज मांझे की चपेट में होने वाली घटनाओं के बाद भी बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। पतंगबाज खुलेआम पेंच लड़ाने के शौक में इस मांझे का प्रयोग करते हैं। जिसकी वजह है कि पेंच लड़ाने में हजारों रुपये की शर्त लगाते हैं। पिछले दिनों सिविल लाइंस पुलिस ने एक ऐसे ही पतंगबाज को बरेली गेट से गिरफ्तार किया था।

अब शहर में फिर चाइनीज मांझे से एक युवक गर्दन कटने का मामला सामने आया है। शाहबाद गेट निवासी जाकिर खां ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम करीब साढ़े छह बजे वह विशाल मेगामार्ट के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक चाइनीज मांझे की डोर उनकी गर्दन में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभालकर उपचार के लिए पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने घाव पर टांके लगाए। बताया कि घटना में काफी खून बहा और हालत बिगड़ गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, शहर में खुलेआम बिक रहे चीनी मांझे पर रोक लगाने की भी अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# दूध लेने गए युवक को रंजिशन लाठी से पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** पटवाई क्षेत्र में दूध लेने गए युवक को कुछ लोगों ने रंजिशन रोक लिया और गाली-गलौच करने लगे। युवक ने जब विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह से युवक को बचाया। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी इस्माइल का कहना है कि वह दूध बेचने का काम करता है। कल वह अपने गांव के बराबर में चंदनपुर में दूध लेने गया था। तभी गांव के रिजवान, आरिफ, दिलशाद व मेंहदी ने उसे रोक लिया और रंजिशन गालियां बकने लगे। उसने जब विरोध किया तो आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडे से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह से बीच-बचाव कराया। आरोप है कि हमलावर गांव में आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इसके बाद पीड़ित परिजनों के साथ पटवाई थाने पहुंचा और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 6 महीनों में 35 अस्पताल, क्लीनिक और जांच केंद्रों को कराया बंद

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** जिले में बिना पंजीयन संचालित चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया है। लगातार मिल रही शिकायतों और निरीक्षण के आधार पर पिछले 6 महीनों में अब तक 35 अस्पताल, क्लीनिक और जांच केंद्रों को बंद कराया जा चुका है, जिससे अवैध रूप से काम कर रहे संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

शहजादनगर और केमरी क्षेत्र में हालिया कार्रवाई के दौरान अस्पतालों को सील कराया गया और इनके संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विभाग ने साफ किया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले समय में यह अभियान और तेज किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 6 महीनों में करीब 25 संस्थानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं के चलते 10 अन्य जगहों पर भी कार्रवाई की गई, जिसके बाद कुल संख्या 35 तक पहुंच गई है। नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी के नेतृत्व में टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान शहजादनगर और केमरी क्षेत्र के अलावा सैफनी और आसपास के क्षेत्रों में संचालित कई अस्पताल बिना वैध अनुमति के चलते पाए गए जिन्हें मौके पर ही सील कर दिया गया। इनमें कुछ ऐसे केंद्र भी शामिल थे जहां उपचार की व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं थी। एक गंभीर मामले में ऐसे संस्थान को भी बंद कराया गया जहां इलाज के दौरान जच्चा और नवजात की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद विभाग ने कार्रवाई को और तेज कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीयन किसी भी अस्पताल का संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई संचालक सील तोड़कर दोबारा काम करता है तो उसके खिलाफकठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्ती से पूरे जिले में संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे इलाज के लिए केवल पंजीकृत संस्थानों का ही चयन करें ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

## नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक और मालिक पर कोर्ट में होगा केस

रामपुर। नौ अप्रैल को शहजादनगर थाना क्षेत्र के बारा मिलक में छापेमारी कर स्वास्थ्य विभाग ने एक अवैध नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया था। यहां ऊपर अस्पताल चल रहा था और नीचे बेसमेंट में अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। इस मामले में संचालक पर रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। अब स्वास्थ्य विभाग पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कोर्ट में केस की तैयारी कर रहा है। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया कर्मियों को यह जानकारी दी।

# यश बने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर सचिव



शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार किया गया। इसी क्रम में नगर इकाई में यश शर्मा को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का नगर सचिव नियुक्त किया गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने यश शर्मा को नगर सचिव पद का कार्यभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। संदीप सोनी ने कहा कि यश संगठन की नीति और सिद्धांतों पर चलते हुए व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगर सचिव पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद यश ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। यश शर्मा ने कहा कि रामपुर के व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी और यदि कोई व्यापारी किसी परेशानी में होगा तो संगठन उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

# बाइक ई रिक्शा की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** बुधवार को सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र टांडा गांव निवासी हीरालाल अपनी ई रिक्शा से शादी समारोह में दावत खाने सैफनी थाना क्षेत्र की मझरा गांव जा रहा था। इसी दौरान सिरौली थाना क्षेत्र के सुकटिया गांव निवासी विवेक अपने दोस्त गौरव के साथ बाइक पर सवार होकर सैफनी थाना क्षेत्र के किसी गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। और ई रिक्शा और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई इस हादसे में सड़क पर गिरकर तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया डॉक्टर जुबैर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ईरान ने एशियन बीच गेम्स में पुरुषों का सॉकर खिताब जीता

**सान्या, वार्ता।** दुनिया की नम्बर 5 टीम ईरान ने बुधवार को ओमान को 6-2 से हराकर छठे एशियन बीच गेम्स में अपना तीसरा पुरुषों का बीच सॉकर टाइटल जीता।

ईरान को 1-0 की बढ़त लेने में सिर्फ 49 सेकंड लगे, जिसमें गोलकीपर सैयदमोहम्मद दास्तान ने एक शानदार लॉन्ग-रेंज वॉली से बराबरी तोड़ी। पहले पीरियड के आखिरी मिनट में, दावूद शोक. री और मोवाहेद मोहम्मदपुर ने एक-एक गोल किया, जिससे ईरान को पहले ब्रेक तक 3-0 की बढ़त मिल गई।

दूसरे पीरियड के शुरुआती मिनट में सलीम सौती अब्दुल्ला ने ओमान के लिए एक गोल किया, लेकिन मोहम्मदपुर ने दो मिनट बाद ही ईरान के लिए चौथा गोल कर दिया। दोनों टीमों ने कई मौके बनाए और गंवाए, जिससे ओमान आखिरी पीरियड में 4-1 से पीछे चल रहा था। ईरान कंट्रोल में रहा क्योंकि शोकरी और अली मिरशे. कारी ने आखिरी पीरियड के बीच में दो और गोल किए, इससे पहले ओमान के सामी बुलुशी ने एक सांत्वना गोल किया। ईरानी नेशनल ओलंपिक कमेटी के सेक्रेटरी जनरल महदी अलीनेजाद ने देश की मजबूत बीच सॉकर टीम पर गर्व से बात की। अलीने. जाद ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं और कई बार वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं। एशिया में, वे नम्बर वन हैं, और दुनिया में, वे टॉप पांच में हैं। ईरान के कप्तान हसनब मोख्तारी ने कहा, हमने अच्छा फाइनल खेलाद्ध हम इस इवेंट में ताकतवर हैं। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं, और इसीलिए हम टाइटल जीत सके।

# गुजरात ने बेंगलुरु को 155 पर ऑलआउट किया

**अरशद खान ने झटके 3 विकेट, पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए**

**अहमदाबाद,वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएलमें गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर आलआउट हो गई।

जवाबी पारी में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। गिल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की ओर से कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट को.


रबाड़ा की गेंद पर कोहली का कैच लेने के बाद राशिद खान को गले लगाते रबाड़ा।

हली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला।

एक बैटर रनआउट हुआ। बेंगलुरु की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। 20वें ओवर की पहली बाल पर अरशद खान ने वेंकटेश अय्यर को साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया। अगली ही बाल पर जोश हेजलवुड रनआउट हो गए। 18वें ओवर में अरशद खान की बाल पर वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर लगी। अय्यर शार्ट लेंथ बाल पर क्रास खेलना चाहते थे, लेकिन चूक गए और बाल उनकी कोहनी पर जा लगी। इसी ओवर की चौथी बाल पर भुवनेश्वर ने चौका लगाया। यहां बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद के बाद बाउंड्री आई है। 17वें ओवर में जेसन होल्डर ने महज 3 रन दिए। उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। एक रन लेग बाई से आया। 15वें ओवर की पहली बाल पर जेसन होल्डर ने रोमारियो शेफर्ड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। उन्होंने शेफर्ड को 5वीं बार पवेलियन भेजा। होल्डर ने जितेश शर्मा द्धएक रनञ्ञ को भी आउट किया। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने राशिद खान की बाल पर दो छक्के लगाए। ओवर की आखिरी बाल पर राशिद खान ने देवदत्त पडिक्कल को कैच आउट कराया। उन्होंने पडीक्कल को 5वीं बार आउट किया है। पडिक्कल 40 रन बनाकर आउट हुए। 10.3 ओवर में अरशद खान ने क्रुणाल पंडया को आउट कर दिया। मिडिल और लेग पर पड़ी गेंद को क्रुणाल ने फ्लिक किया, लेकिन मिड-विकेट पर खड़े जेसन होल्डर ने एक और आसान कैच लपक लिया। होल्डर का यह मैच में तीसरा शानदार कैच रहा। 9.4 ओवर पर राशिद खान ने टिम डेविड को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया। डेविड ने मिड-विकेट की ओर शाट खेला, लेकिन जेसन होल्डर ने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

## खेल विशेष

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले फेंच ओपन सहित बाकी क्ले कोर्ट सीजन में नहीं खेल पाएंगे। 24 साल के जैक ड्रेपर को जून के ग्रास कोर्ट सीजन में वापसी की उम्मीद है, लेकिन तब तक वह लगभग निश्चित रूप से दुनिया के टॉप 100 खिलाड़ियों से बाहर हो जाएंगे। ड्रेपर ने इस महीने की शुरुआत में बार्सिलोना में सीजन के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से अपने दाहिने घुटने में टेंडन की समस्या के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। इसके बाद उन्होंने मैड्रिड और रोम में लगातार दो एटीपी 1000 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, लेकिन उम्मीद जताई कि वह फेंच ओपन के लिए फिट हो जाएंगे।

### भारत का क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से मुकाबला

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** भारत की पुरुा बैडमिटन टीम गुरुवार को नॉकआउट ड्रॉ की घोाणा के बाद बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगी। 2022 की चैंपियन टीम ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कनाडा (4-1) और ऑस्ट्रेलिया (5-0) पर शानदार जीत के साथ पहले ही अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन बुधवार को चीन से 3-2 से करीबी हार के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया। चीनी ताइपे के लिए क्वार्टरफाइनल तक का रास्ता बहुत मुश्किल था। उन्हें मेजबान डेनमार्क के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में बहुत मुश्किल स्थिति में धकेल दिया गया था, जहां उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद, वे नाटकीय तरीके से जीत हासिल करने में कामयाब रहे।

### पीजीडीएवी की जीत में चमके आर्यन व अंकित

**नई दिल्ली, वार्ता।** आर्यन शर्मा (131) के उम्दा शतक और अंकित कुमार (55 रन और 5 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन से पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज को 93 रनों से हराया। तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 5 विकेट पर 272 रन बनाए। इसके जवाब में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज की टीम 16-1 ओवर में 179 रन पर आल आउट हो गई। उसकी तरफ से लोकेश बेनिवाल ने105 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। एक अन्य लीग मैच में पीजीडीएवी ब्लू ने पीजीडीएवी (सांध्य) को 91 रनों से हराया। पीजीडीएवी ब्लू ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बनाए। राहुल बाग ने 92, लक्षय बंसल ने 78 रन बनाए। प्रबाल सचदेव ने 57 रन पर 4 विकेट चटकाए। इसके जवाब में पीजीडीएवी (सांध्य) की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी।

# ऑरेंज कैप फिर हुई अभिषेक की

**मुम्बई, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभोिक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स (आआर) के आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पछाड़ कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है।



बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज 400 रनों का आंकड़ा पार कर उनसे आगे निकल गए। 24 गेंदों पर 45 रन बनाने वाले अभिोक शर्मा और हाइनरिक क्लासन, जिन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, अब तालिका में क्रमशद्य नम्बर 1 और 2 पर हैं। अभिोक के 425, क्लासन के 414 और सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली हैं, जो इस सीजन में 350 रन पार करने वाले अन्य खिलाड़ी हैं, और सात अन्य बल्लेबाज भी 300 से अधिक रन बना चुके हैं। पर्पल कैप तालिका में ईशान मलिंगा इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए कल मुम्बई इंडियंस खिलाफ 1/29 का आंकड़ा दर्ज किया। उनका शिकार सूर्यकुमार यादव बने। मलिगा अब 15 विकेट के साथ सबसे आगे हैं।

और पर्पल कैप पर उनका कब्जा है उनके पीछे आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, आरआर के जोफ्र आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके 14-14 विकेट हैं। इसके बाद 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा हैं।

# RR के खिलाफ अपनी उम्मीदों को बनाए रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा। लगातार तीन हार झेल चुकी डीसी को पिछले दो मैचों में बेहद करारी हार मिली है। टीम अब आत्मविश्वास वापस हासिल करके अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। पिछले तीन में से दो मैच जीत चुकी आरआर की लय अच्छी चल रही है और वे इसे ही जारी रखना चाहेंगे।



राजस्थान नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि दिल्ली आठ मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। राजस्थान जीत के साथ प्लेऑफ के करीब पहुंच जायेगी। दूसरी तरफ एक और हार दिल्ली की उम्मीदों पर करारा प्रहार करेगी। डीसी टॉप ऑर्डर बनाम जोफ्रा आर्चर इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के सामने डीसी का मजबूत टॉप ऑर्डर एक बड़ी चुनौती पेश करेगा, खासकर केएल राहुल और नितीश राणा के रूप में। टी-20 क्रिकेट में राहुल ने आर्चर के खिलाफ 9 पारियों में 96 रन बनाए हैं, सिर्फ 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135 रहा है। वहीं राणा का रिकॉर्ड उतना प्रभावशाली नहीं है। आईपीएल में आर्चर के खिलाफ 4 पारियों में वह सिर्फ 9 रन बनाकर 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 69 का रहा है। क्या डीसी डेथ ओवर्स के लिए कुलदीप का एक ओवर बचाकर रखेगी? कुलदीप यादव का रिकॉर्ड आरआर के फिनिशर्स डॉनोवन फरेरा और दासुन शनाका के खिलाफ काफी अच्छा रहा है, ऐसे में डीसी उनके खिलाफ डेथ ओवर्स में कुलदीप का एक ओवर बचाकर रख सकती है। फरेरा ने कुलदीप के खिलाफ टी-20 में 3 पारियों में 15 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 167 है। वहीं शनाका ने 5 पारियों में 21 रन बनाए हैं।

# ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** रियान पराग पर उनके 'स्मोकिंग एक्ट' के लिए मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है, जिससे खेल की बदनामी हुई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान को भेजे गए नोटिस में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (सीओसी) के आर्टिकल 2-1 के तहत लेवल 1 का अपराध लगाया, जो खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा आम, बिना बताए उल्लंघन से संबंधित है।



पराग हाल ही में एक आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर स्मोकिंग करते हुए कैमरे में पकड़े गए थे। सीजन के लिए उनके 14 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट को देखते हुए, उनकी हर मैच की फीस लगभग 1 करोड़ रुपये होती है, जिसका मतलब है कि 25 परसेंट फाइन लगभग 25 लाख रुपये होगा। यह देखते हुए कि इसे पहली बार का अपराध माना गया था, 25 लाख रुपये एक भारी पेनल्टी है। जैसा कि क्रिकबज ने 29 अप्रैल को बताया था, ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग के लिए कोई मिसाल या नियम न होने पर, बीसीसीआई ने आर्टिकल 2-21 लागू किया है जो उन अपराधों को कवर करता है जिनका सीओसी में खास तौर पर जिक्र नहीं है। रिकॉर्ड के लिए, आर्टिकल 2-21 का मकसद उन सभी तरह के व्यवहार को कवर करना है जो खेल को बदनाम करते हैं और जो सीओसी में बताए गए खास अपराधों में खास तौर पर या ठीक से कवर नहीं होते हैं। यह आर्टिकल पब्लिक जगहों पर गलत कामों को भी कवर करता है। उदाहरण के लिए, आर्टिकल 2-21 (ब्रीच की गंभीरता और कॉन्टेक्स्ट के आधार पर) बिना किसी लिमिट के, इन चीजों पर रोक लगा सकता है, पब्लिक में गलत काम (बी) गलत पब्लिक बिहेवियर और (सी) गलत कमेंट्स जो गेम के हितों के लिए नुकसानदायक हैं। इसमें लाप. रवाही और ऐसे बिहेवियर का भी जिक्र है जिनसे बचा जा सकता है।

# सिनर सेमीफाइनल में, पोटापोवा ने प्लिसकोवा को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर मैड्रिड ओपन में राफेल जोडार को 6-2, 7-6 (0) से हराकर के अपने पहले सेमीफाइनल पहुंचे। मैड्रिड में जन्मे जोडार हाल ही में कोंडे डी गोडो (बार्सिलोना ओपन) के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के सरप्राइज पैकेज में से एक रहे हैं, और उन्हें काजा मैजिका में घरेलू मैदान पर मजबूत सपोर्ट मिला।



जोडार ने सिनर के खिलाफ सात ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने एक घंटे, 55 मिनट की जीत में उन सभी को बचा लिया,

जिससे बुधवार को उनकी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक पहुंच गया। बाद में पुरुों के एक और क्वार्टर फाइनल में, फांस के आर्थर फिल्स ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं में, अनस्तासिया पोटापोवा ने पूर्व दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-1, 6-7 (4), 6-3 से हराया, जबकि 26वीं सीड मार्टा क्वोयुक ने चेक रिपब्लिक की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में 7-6 (1), 6-0 से हराया। क्वोयुक का मुकाबला सेमीफाइनल में पोटापोवा से होगा। पोटापोवा ने माना कि 6-5 पर दूसरा सेट सर्व करने में नाकाम रहने के बाद उन्हें मेंटली स्ट्रगल करना पड़ा।

# रोड्स, फाफ व हेनरिक क्लासेन बने नई रोटर्डम फ्रेंचाइजी के मालिक


**रोटर्डम, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के तीन सबसे प्रतिठित क्रिकेटर- जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसिस और हेनरिक क्लासेन-अब मैदान के बाहर भी क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को नई दिशा दे रहे हैं।

इन तीनों ने मिलकर यूरो. पियन टी-20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की पांचवीं फेंच. इजी को खरीदने के लिए एक समूह बनाया है। यह यूरोप की पहली आईसीसी- मान्यता प्राप्त टी-20 लीग है, जिसका आधार रोटर्डम, नीदरलैंड्स में है। इस समूह में मधुकर श्री प्रबंध साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। यह घोाणा उस लीग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो तेजी से विश्व क्रिकेट की सबसे बहुप्रतीक्षित नई प्रतियोगिताओं में से एक बन रही है। लीग की शुरुआत इस अगस्त में यूरोप के छह शहरों में होगी। रोटर्डम फेंच. इजी उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेगी, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। कुल 33 मुकाबलों में छह शहर-आधारित फेंचाइजियां- ग्लासगो, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटर्डम-खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह यूरोप में क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। जोंटी रोड्स ने कहा, ईटीपीएल एक बेहद आर्काक अवसर प्रस्तुत करता है। हाल के आईसीसी आयोजनों में हमने यूरोप की क्रिकेट क्षमता की झलक देखी है। अब इस क्षेत्र को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचे की आवश्यकता है, जो इस पूरे तंत्र को एकजुट और सशक्त बना सके। ईटीपीएल ठीक वही मंच प्रदान करता है-जहां प्रतिभाओं की पहचान, उनका विकास और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे पूरे यूरोप में क्रिकेट मजबूत होगा। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। फाफ डु प्लेसिस ने कहा, जोंटी और क्लासी (हेनरिक क्लासेन) के साथ ईटीपीएल में एक फ्रेंच. इजी खरीदना बेहद खास है। टीम स्वामित्व में यह मेरा पहला कदम है और यूरोपीय क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के इस समय से बेहतर मौका नहीं हो सकता। दुनिया भर की फेंचाइजी लीगों में खेलने के अनुभव के बाद, मैं ईटीपीएल की अपार संभावनाएं देख सकता हूं।

# हम वह नहीं कर पाए, जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती है: हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है। बुधवार की रात, उन्होंने पहली पारी का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन वह भी काम नहीं आया, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रनों के लक्ष्य का पीछा आठ गेंदें शो रहते ही कर लिया। इस हार ने मुंबई को आखिरी पायदान की जंग में धकेल दिया है।



आठ मैचों के बाद उनके और लखनऊ सुपर जायंट्स के अंक (4) बराबर हैं, और मुंबई केवल नेट रन रेट के आधार पर आगे है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का असामान्य फैसला लिया था। वानखेड़े स्टेडियम में पिछले 21 आईपीएल मैचों में टॉस जीतने वाली टीम ने गें. दबाजी चुनी थी। टीमें आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करती हैं क्योंकि ओस की वजह से दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है, लेकिन हार्दिक को नहीं लगा कि उस दिन ऐसा कुछ था। पोस्ट मैच इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस ने कोई बड़ी भूमिका निभाई, बस उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। हमने कुछ खराब गेंदें फेंकीं और उन्हें तेज शुरुआत मिल गई। मुझे लगता है कि हमने वापसी की कोशिश की, लेकिन वह काफी नहीं था। हार्दिक का मानना था कि मुंबई को ज्यादातर मौकों पर इस स्कोर का बचाव कर लेना चाहिए था। मुझे लगता है कि 244 रन रोकने के लिए मैं अपने गेंदबाजों पर भरोसा करूंगा, लेकिन हां, किसी और दिन। आज हम रणनीति को मैदान पर सही से लागू नहीं कर पाए।

हैदराबाद की इस शानदार जीत की बुनियाद पहले छह ओवरों में ही पड़ गई थी, जहां ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा ने उन्हें बिना किसी नुकसान के 92 रनों के पावरप्ले स्कोर तक पहुंचा दिया। इस दौरान मुंबई के पास मौके थे। नमन धीर ने दो कैच छोड़े, विल जैक्स एक मुश्किल कैच नहीं लपक पाए, और मुंबई हेड के बल्ले का वह किनारा भी नहीं पहचान पाई जिस पर वे रिव्यू ले सकते थे। हार्दिक ने कहा, यह सीजन कुछ ऐसा ही रहा है। जब आपको एक-दो मौके मिलते हैं और आप उन्हें लपक लेते हैं, तभी किस्मत और लय बदलती है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं।

# ट्रम्प की धमकी

होर्मुज को लेकर अमेरिका किस हद तक जा सकता है, इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई वह धमकी है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा तूफान आने जा रहा है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। अब इसके पीछे उसका मकसद क्या है, यह तो वही जानें, क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं है जो उन्होंने इस तरह की धमकी ईरान को दी है। वह तो ईरान को पाषाण युग तक में भेजने की बात कर चुके हैं, लेकिन ताजा धमकी ने तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दस-पंद्रह घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह ट्रम्प की धमकी का ही परिणाम है कि कच्चे तेल के दाम भी एकाएक बढ़ गए हैं और 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकार दामों के और बढ़ने की बात कर रहे हैं। जाहिर है अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही, जहां दुनिया में बेचैनी तो फैलेगी ही, साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद बुरा असर पड़ेगा। विशेषकर विकासशील देशों पर, जिनमें भारत भी एक है। अब तक जो वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने के प्रयास हुए हैं, वे परवान नहीं चढ़ सके हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में भी केवल एक बार ही सीधी वार्ता हुई है। दूसरी वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही है। उसका कारण यही है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं और अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ना चाहते हैं। होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण के जवाब में अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिसके चलते अब ईरान से आयात-निर्यात रुक गया है। ईरान की संसद के स्पीकर गालिबाप ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि यदि अमेरिका लंबे समय तक ईरान के नाकेबंदी करेगा, तो ईरान का धैर्य जवाब दे सकता है। जाहिर है वह यही कहना चाह रहे हैं कि वह कभी भी नाकेबंदी को तोड़ने के लिए सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि चीन भी अब होर्मुज को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। उसने ईरान के नाकेबंदी की भी आलोचना की है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि चीन का 90 प्रतिशत तेल ईरान से ही आता है। ऐसे में अगर यह नाकेबंदी लंबे समय तक चलती है, तो चीन के हितों को सीधे चोट पहुंचेगी। रूस पहले ही ईरान के साथ खड़ा होने की बात कह चुका है और ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को सही ठहरा चुका है। जाहिर है अभी दोनों ही ओर से युद्ध की भाषा ही अधिक बोली जा रही है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में वार्ता का माहौल नहीं बन सकता। वार्ता का माहौल बनाने के लिए दोनों पक्षों को पहले कुछ इस तरह के कदम उठाने होंगे, जिससे अविश्वास की गहरी खाई को किसी तरह पाटा जा सके।

# एग्जिट पोल की सच्चाई : लोकतंत्र का आईना





प्रो. आर.के. जैन

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है 29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेतकृहर चौनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या यह अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?

जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। यह आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैंकृवे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता कुछ आवाजें सच भी कहती हैं और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब यह ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो यह समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126A) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब यह अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं? जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है। भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है।

सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव यह सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी यह पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। यह रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं, लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है। जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है।

2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं। जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। यह न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो यह उपयोगी हैं।

लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें, क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

## श्रीमुख से...

### मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई



ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है, यह मानवता पर एक काला धब्बा है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है, यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है, हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# इन गर्मियों में जानें सन टेन के घरेलू उपाय



शहनाज हुसैन

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है, गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं हालांकि कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांध कर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सन टेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।

**पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीम्बू की कुछ बूंदे मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुंदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है।

दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें। खीरे, पके पपीते के गूदे, दही में दो चम्मच ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिए और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिए। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं। दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें।

पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें। तीन चमच्च एलो वेरा जैल, एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है। बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिए। एक चमच्च शहद, एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं ध्इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें।

एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें।


# मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवत: यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थाई हैं, अत: विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुई तो उस समय के शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।




सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अत: यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया, उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।



जम्मू-कश्मीर। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के समारोह के दौरान रेलवे ट्रैक पर दौड़ती हुई।

## अमेरिका जर्मनी में सैनिकों को कम करने पर विचार कर रहा: ट्रम्प

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है।

# सऊदी प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन

## द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुंबद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

**वाशिंगटन।** सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था।

उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई। किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी। एपस्टीन ने प्राइवेट आइलैंड पर नीले और सफेद रंग की धारियों वाली इमारत बनाई थी।

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नार्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल अहमदी शामिल थे। इसी नेटवर्क की मदद से उसे काबा से जुड़े खास कपड़े भी मिले थे। 2014 की एक फोटो में एपस्टीन न्यूयॉर्क में अपने घर के अंदर फर्श पर फैले ऐसे ही एक कपड़े को देख रहा है। उसके साथ अमीरात के बड़े कारोबारी सुल्तान अहमद बिन सुलयेम भी मौजूद थे। बाद में एपस्टीन से जुड़े होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा और उन्हें दुबई की बंदरगाह कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रमुख पद से इस्तीफा देना पड़ा। दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमई इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमई मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था।



■ एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए

**2003:** उसने कहा था कि उसके पास बहुत बड़ा फारसी कालीन है जो शायद किसी मस्जिद से आया होगा

**2008:** जब वह जेल में था, तब भी उसने अपने द्वीप पर एक हमाम (तुर्की स्नानघर) और इस्लामी शैली के बगीचे बनाने की योजना बनाई थी

**2009:** जेल से बाहर आने से पहले उसने आर्किटेक्ट्स को ये डिजाइन तैयार करने के लिए कहा

**2011:** उसने उज्बेकिस्तान के एक संपर्क को लिखा कि उसे असली टाइल्स चाहिए जो मस्जिद की अंदरूनी दीवारों जैसी हों।

# ईरानी नौसेना कमांडर ने ट्रम्प को चताया

## अमेरिका सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं, तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा: शाहराम ईरानी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सैन्य गति. विधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया और क्षेत्रीय रिपोर्टों के अनुसार यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है।

कमांडर ईरानी ने अमेरिकी त्वरित सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब 'सैन्य हलकों में उपहास' का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरानी पक्ष ने संकेत दिया है कि अब तक संयम बनाए रखने का उद्देश्य कूटनीति के लिए अवसर खुला रखना था, लेकिन यदि अमेरिकी नाकेबंदी और दबाव जारी रहता है तो प्रतिक्रिया अधिक कठोर हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि उसकी समुद्री नाकेबंदी रणनीति प्रभावी रही है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार कई वाणिज्यिक जहाजों को रोका या उसका रास्ता बदला गया है और ईरानी तेल निर्यात पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव डाला गया है। केंद्रीय कमान के कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेनाओं ने एक अहम उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज़ को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया। यह उस बेहतरीन काम का सबूत है जो अमेरिका के बेटे-बेटियां, अपनी वर्दी में, समुद्री व्यापार को ईरानी बंदरगाहों में आने या वहां से बाहर जाने से रोकने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिससे ईरान को अनुमानित छह अरब अमे. रिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हाल के दिनों में नाकेबंदी को अपनी रणनीतिक सफलता बताया है, जबकि अमे. रिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम और समुद्री मार्ग नियंत्रण को लेकर सख्त रुख बनाए हुए है। ट्रंप ने कहा कि यह नाकाबंदी ज़बरदस्त है। यह नाकाबंदी 100 फ़ीसदी अचूक रही है। इससे पता चलता है कि हमारी नौसेना कितनी बेहतरीन है, मैं आपको यह बता सकता हूं।

कोई भी अब कोई खेल नहीं खेलेगा। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है, और इसका ज़्यादातर हिस्सा मैंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था, और तब से हम इसे और भी मज़बूत बना रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी मौजूद किसी भी सेना से सबसे बेहतरीन है। इसके आस-पास भी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वेनेज़ुएला वालों के पास भी अच्छी सेना थी, लेकिन वहां हमने एक दिन में ही अपना काम खत्म कर लिया। दरअसल 48 मिनट में ही काम हो गया था। ईरान में भी ऐसा ही है। सैन्य मोर्चे पर हमने उनका काम तमाम कर दिया है। उनकी कोई सेना नहीं बची। उनकी नौसेना समंदर की तह में पहुंचा दी जा चुकी है। वायुसेना कभी उड़ नहीं सकेगी। इसी बीच ईरान ने कथित रूप से सशर्त युद्धविराम और चरणबद्ध तनाव-नियंत्रण के प्रस्ताव दिए हैं, जिनमें नाकेबंदी हटाने और शत्रुता समाप्त करने जैसे बिंदु शामिल बताए जा रहे हैं।



■ ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं
■ लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं

## अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान के तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने गुरुवार को ईरान के तेल निर्यात को रोकने के अमेरिकी प्रयासों के प्रभाव को खारिज करते हुए कहा कि बढ़ते दबाव के बावजूद देश का ऊर्जा बुनियादी ढांचा अप्रभावित है। गालीबाफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कथित नाकेबंदी के बाद भी तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान का उल्लेख करते हुए लिखा कि तीन दिन हो गए, कोई तेल का कुआं नहीं फटा। जरूरत पड़ने पर ईरान 30 दिनों तक परिचालन जारी रख सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि ईरान की तेल बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से किये गये अमेरिकी उपायों ने देश की भंडारण क्षमता को उसकी सीमा तक नहीं धकेला है।

## हिजबुल्लाह के साथ कोई युद्धविराम नहीं है, इजरायली चीफ ऑफ स्टॉफ

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल ज़मीर ने पुष्टि की है कि दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ 'कोई युद्धविराम नहीं' है तथा लेबनान के साथ दो सप्ताह से लागू युद्धविराम के बीच इस कट्टरपंथी संगठन के साथ समानांतर युद्ध जारी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ज़मीर की यह टिप्पणी इजरायल के उन प्रयासों के बीच आई है जिसमें वह अमेरिका से लेबनानी सरकार के साथ अपनी ऐतिहासिक प्रत्यक्ष वार्ता को दो सप्ताह की समय सीमा तक सीमित करने और वार्ता विफल होने पर हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईडीएफ अभियान को मंजूरी देने का आग्रह कर रहा है। इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाला युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था, जिसे 24 अप्रैल को अतिरिक्त तीन सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उस समय इसकी घोषणा की थी।

# ब्रिटिश किंग चार्ल्स से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितम्बर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं। उनके आफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर आफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है। को. हिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया। को. हिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया।

■ मुलाकात से पहले कहा था: कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

# होर्मुज स्ट्रेट की अमेरिकी घेराबंदी जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की को. शिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है--- यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इस मार्ग से दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। अमेरिका का तर्क है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने अभी तक शुल्क लगाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

■ सेंटकॉम अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान पर हमला करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मुझे मारने के लिए कोड भाषा में संदेश भेजे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक 'माफिया शब्द' (मॉब टर्म) बताया। उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रम्प हैं।

# पुतिन-ट्रम्प के बीच हुई लंबी फोन वार्ता

## ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध और द्विपक्षीय संबंधों पर दोनों नेताओं ने की विस्तृत चर्चा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रम्प पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रम्प, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जाएं। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।



■ पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की

## अमेरिकी सांसद ने पूछा: क्या ट्रम्प की दिमागी हालत ठीक है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया। डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल पूछ लिया। जैकब्स ने अपने सवाल के दौरान ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर किए गए हाल के पोस्ट का जिक्र किया और उनकी भाषा की आलोचना की। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक सहायक ने ट्रम्प के पुराने पोस्ट के कटआउट भी दिखाए। इनमें वह विवादित ईशु वाली एआई पोस्ट भी शामिल था, जिसे बाद में हटा दिया गया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)